विषय सूची
CONTENTS

1. एक अवलोकन 1
   Overview
2. नीति और आयोजना 3
   Policy Strategies and Planning
3. मानक निर्धारण 6
   Standards Formulation
4. उत्पाद प्रमाणन 12
   Product Certification
5. गुणता पद्धति प्रमाणन 17
   Quality Systems Certification
6. प्रयोगशाला सेवाएँ 19
   Laboratory Services
7. मानक संवर्धन 24
   Standards Promotion
8. मानकों तथा अन्य प्रकाशनों की बिक्री 27
   Sale of Standards and other Publications
9. सूचना सेवाएँ 28
   Information Services
10. प्रशिक्षण सेवाएँ 30
    Training Services
11. कम्प्यूटरीकरण तथा कार्यालय स्वचलन 32
    Computerization and Office Automation
12. उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ 34
    Consumer Related Activities
13. क्षेत्रीय, शाखा और निरीक्षण कार्यालय 36
    Regional, Branch and Inspection Offices
14. अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ 37
    International Activities
15. मानव संसाधन विकास 42
    Human Resource Development
16. वित्त, लेखा और ऑडिट 44
    Finance, Accounts and Audit

भारतीय मानक ब्यूरो पुस्तकालय
BUREAU OF INDIAN STANDARDS LIBRARY
3477/Misc
दिनांक Date 2002-11-15
नई दिल्ली NEW DELHI

उपभोक्ता दिवस समारोह
Consumer Day Celebrations

मानक सलाहकार समिति की बैठक
Standards Advisory Committee meeting in progress

हिन्दी सप्ताह समारोह
Hindi Wook Celebrations

अवलोकन

1995–96 के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो ने चहुंमुखी प्रगति करना जारी रखा। ब्यूरो की इस वर्ष की कुल आय 45.14 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की आय से 18 प्रतिशत अधिक थी और इस वर्ष 30.16 करोड़ रुपये खर्च हुए। भामा ब्यूरो ने लगातार सातवें वर्ष अपनी आवर्ती और गैर योजना व्ययों को अपने स्वयं के संसाधनों से पूरा किया।

इस वर्ष की मुख्य गतिविधियां इस प्रकार रहीं :

'मानकीकरण और गुणता पद्धति के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान' नामक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना जिसका अंततः पूर्णतः आवासीय संस्थान के रूप में विकसित किया जाना है। इस संस्थान की स्थापना के माध्यम से भामा ब्यूरो ने दूसरे सघन प्रतिस्पर्धा वाले क्षेत्र में प्रवेश किया और गुणता पद्धति प्रमाणन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने और बाजार में हम इसे अपने बलबूते पर चलाने में सक्षम हैं, यह प्रदर्शित करने से हमारा आत्मविश्वास व्यक्त हुआ है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रबंध में गुणता प्रबंध पद्धति तथा सूचना सुरक्षा पद्धति के क्षेत्र में मानकीकरण।

- 22 नये उत्पादों को प्रमाणन में शामिल किया, इन उत्पादों में न्यूज प्रिंट, एक बार उपयोग में आने वाली शल्य चिकित्सा में प्रयुक्त रबड़ के दस्ताने, गहराई से पानी निकालने के हथबरमे के संघटक इत्यादि शामिल हैं।

  भामा ब्यूरो की गुणता पद्धति प्रमाणन योजना को अक्तूबर 1994 में प्रत्यायन प्रदान करने के बाद आरवीए, नीदरलैंड द्वारा पहले निगरानी ऑडिट का सफलतापूर्वक समापन।

- भारत में पहली बार बैंकिंग के क्षेत्र में कैनरा बैंक की बंगलौर शाखा को गुणता पद्धति लाइसेंस प्रदान करना।

  केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद, तथा चंडीगढ़, कलकत्ता, मुम्बई तथा मद्रास स्थित क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं द्वारा एनएबीएल प्रत्यायन के लिए आवेदन भरने के लिए संबंधी प्रलेखन कार्य का पूरा होना।

  वर्ष 1993 के लिए सेल के भिलाई इस्पात संयंत्र को राजीव गांधी राष्ट्रीय गुणता पुरस्कार प्रदान करना।

  आईईसी, जिसका प्रतिनिधित्व श्री ए.एम. रेबर्न, महासचिव ने किया और भामा ब्यूरो, जिसका प्रतिनिधित्व श्री पी.एस. दास, अपर महानिदेशक ने किया, के बीच अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग की 61वीं महा सभा की बैठक अक्तूबर 1997 में नई दिल्ली में आयोजित करने के औपचारिक दस्तावेज पर हस्ताक्षर।

- भामा ब्यूरो के कार्य में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए वर्ष के दौरान 31 द्विभाषी कंप्यूटरों का प्रावधान किया जाना।

वर्ष 1996–97 भामा ब्यूरो की पूर्व आवर्ती संस्था भारतीय मानक संस्थान के रूप में भारत के राष्ट्रीय निकाय की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ के रूप में आरंभ हो रहा है।

OVERVIEW

The Bureau of Indian Standards continued to make all round progress during the year 1995-96. With the total income of Rs 451.4 million, a growth of 18 percent over the income in the previous year and expenditure of Rs 301.6 million, BIS met its recurring and non-plan expenditure from its own resources for the seventh consecutive year.

The highlights of the year gone by were:

- establishment of a training institute christened the 'National Institute of Training for Standardization and Quality Management' with the ultimate aim of developing a fully residential institute; it marked BIS' foray into another intensely competitive arena and reflects our confidence, after the significant success in Quality Systems Certification, in our ability to hold our own in the market.
- standardization in the areas of quality management systems in health sector, and information security management.
- certification of 22 new products during the year comprising items such as newsprint, disposable surgical rubber gloves, deepwell handpump components, etc.
- successful completion of first surveillance audit by RvA, Netherlands after grant of accreditation in October, 1994 to BIS' Quality Systems Certification Scheme.
- an all-India first quality systems licence in banking sector granted to a Canara Bank branch in Bangalore.
- completion of documentation for filing applications for NABL accreditation by Central Laboratory, Sahibabad; and regional laboratories at Chandigarh, Calcutta, Mumbai and Madras.
- presentation of Rajiv Gandhi National Quality Award for the year 1993 to the Bhilai Steel Plant of SAIL.
- signing of formal agreement between IEC, represented by Mr A.M. Raeburn, General Secretary, and BIS, represented by Shri P.S. Das, Additional Director General, for hosting the 61st General Meeting of International Electrotechnical Commission in New Delhi in October, 1997.
- promotion of Hindi in BIS working marked by provision of bilingual computers in large numbers - as many as 31 - during the year.

The year 1996-97 marks the beginning of the 50th anniversary of founding of the National Standards Body in India in the form of erstwhile Indian Standards Institution, the predecessor to BIS.

50वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए इस वर्ष आईएसओ 14000 मानकों की श्रृंखला के अनुरूप पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन आरंभ करने का प्रस्ताव है।

हमारा यह भी प्रयास होगा कि 1996–97 के दौरान हम अपनी केन्द्रीय प्रयोगशाला और सभी क्षेत्रीय प्रयोगशालाओं के लिए एनएबीएल प्रत्यायन प्राप्त कर लें, जिसके लिए तैयारियां पिछले वर्ष की गयी थीं। इसके अलावा हम, सभी प्रयोगशालाओं को एक ही नियंत्रण के अंतर्गत लाने के उद्देश्य से प्रयोगशाला परीक्षण गतिविधि का पुनर्गठन करना चाहते हैं और इसमें स्टाफ के कार्यकलापों की भी पुनः समीक्षा की जायेगी।

विश्व बैंक नीतिगत विशेषज्ञ रिपोर्ट के मैसर्ज सीएमसी लिमिटेड की सहायता से कार्यान्वयन आरंभ होने के साथ भामा ब्यूरो में कंप्यूटरीकरण में बहुत अधिक सुधार हुआ है।

हालांकि भामा ब्यूरो ने कई वर्षों से राष्ट्र को यीमैन की सेवाएं प्रदान की हैं, किन्तु बदलते हुए वातावरण को देखते हुए अब वह समय आ गया है कि हम सेवा मोटो की जगह अपनायें व्यवसाय दृष्टिकोण को। ब्यूरो को अपना ध्यान अपने प्रचालनों में लागत–प्रभाविता पर अधिकाधिक केन्द्रित करना चाहिए और निजी गतिविधियों और अपने पोषण स्वयं करने में समर्थ इकाइयों के माध्यम से मार्ग बनाना चाहिए। बडोदरा के कार्यालय को बंद करना और पुणे और नागपुर के निरीक्षण कार्यालयों को और अधिक बढ़ाना इस निर्णय की दिशा में की गई कार्यवाहियां हैं। अपनी प्रमाणन इकाइयों में लागत– प्रभाविता लागू करना आसान है, तथापि हमें अपनी उन प्रयोगशालाओं की उपयोगिता पर और अधिक ध्यान देना होगा, जिसका आधुनिकीकरण और उन्नयन किया जा रहा है और जिन पर किये गये काफी भारी निवेश को लौटाने की जिम्मेदारी है और यह कार्य प्रयोगशालाएं हमारी उत्पाद प्रमाणन योजना की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्पादकता में बढ़ोतरी लाकर और बाहरी मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं पर अपनी निर्भरता कम करके कर सकती हैं और ऐसा करना उनके लिए जरूरी भी है। केवल तभी हम अपने आप को व्यावसायिक सेवा देने वाले निकाय के रूप में प्रतिबिंबित कर पायेंगे।

It is proposed to launch the Environment Management Systems Certification Scheme as per ISO 14000 series of standards during the year to mark the 50th anniversary.

It is also our endeavour to obtain NABL accreditation for Central Laboratory and all Regional laboratories in 1996-97 preparations for which were made during the past year. Besides, we have also initiated a move to restructure the laboratory testing activity with the aim of bringing all laboratories under a single point control and revamping the staff function.

The computerization in BIS is poised for a quantum jump with the beginning of implementation of the World Bank funded expert report with the help of M/s CMC Ltd.

While BIS has rendered yeoman's service to the nation over the years, the time has come to temper the motto of service with business-like approach in view of the changed environment. It must focus more and more on cost-effectiveness of its operations and find ways of making individual activities and units self-sustaining. The closing down of Vadodara Office and decision to upgrade inspection offices in Pune and Nagpur are steps in this direction. While it is easier to establish cost-effectiveness of certification units, we need to pay greater attention to utilization of our laboratories which are being modernized and upgraded and have an obligation to provide returns on the heavy investments made in terms of higher productivity and reduced reliance on outside recognised laboratories to meet the needs of our product certification scheme. Then only would we be able to project ourselves as a professional and business-like service provider.

नीति और आयोजना

भारतीय मानक ब्यूरो (भा मा ब्यूरो) जो भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय भी है, देश में 1947 से मानकीकरण के आंदोलन को सफलतापूर्वक संवर्धित और पोषित कर रहा है। भारत सरकार द्वारा आरंभ की गयी नयी औद्योगिक नीति और आर्थिक सुधारों के कारण अर्थव्यवस्था बाजार से जुड़ गयी है, जिसके परिणामस्वरूप औद्योगिक वातावरण अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक हो गया है।

इस बदलते हुए परिदृश्य में चाहे वह उत्पाद हो अथवा सेवा, दोनों ही क्षेत्रों में ग्राहकों के लिए गुणता महत्वपूर्ण घटक बन गयी है। भा मा ब्यूरो ने समय–समय पर ग्राहकों की आवश्यकताओं और भारत के औद्योगिक विकास में मुख्य सहभागी की भूमिका निभाने में समर्थ बनने के लिए अपनी कार्य प्रणाली का मूल्यांकन किया है और अपने प्रचालनों की दक्षता बढ़ाने और सेवाके उन्नयन के लिए कई कदम उठाये हैं। भा मा ब्यूरो को नई नीतियों/आदेशों को लागू करने संबंधित सलाह देने के लिए कार्यकारिणी समिति की इस वर्ष चार बैठकें हुईं। भा मा ब्यूरो द्वारा वर्ष के दौरान किये गये महत्वपूर्ण उपाय निम्नलिखित हैं:

1. गुणता पद्धति प्रलेखन, ऑडिटिंग, सांख्यिकीय गुणता नियंत्रण, सम्पूर्ण गुणता प्रबंध इत्यादि पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सितम्बर 1995 में मानकीकरण और गुणता प्रबंध के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों से भारतीय उद्योग को गुणता पद्धति के कार्यान्वयन और आई एस ओ 9000 प्रमाणन लेने में सहायता मिलती है।

2. उन उपभोक्ता मदों के लिए ग्रेड निर्दिष्ट करने की संभावना तलाश करने के लिए भारतीय मानकों का पुनरीक्षण करना, जिनका एक सा उपयोग होता है किंतु जो विभिन्न आर्थिक स्तर वाले उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं। यह निश्चित किया जा सकता है कि एक ही मानक से अनुरूपता रखने वाले उत्पाद में सुरक्षा की न्यूनतम अपेक्षाएं हो, किन्तु उपभोक्ताओं के अलग–अलग समूहों की दृष्टि रो उपयुक्त कार्यकारिता के रतर अलग हो।

3. भा मा ब्यूरो की सरल और दक्ष कार्य प्रणाली पर परामर्श देने के लिए भा मा ब्यूरो द्वारा गठित 6 सलाहकार समितियों का पुनर्गठन।

4. नीदरलैंड के राड पूर एक्रिडिटेय (आरवीए) रो मिले प्रत्यायन की अपेक्षाओं के अनुसार गुणता पद्धति प्रमाणन योजना समिति की स्थापना।

योजनागत परियोजनाएं

8वीं पंचवर्षीय योजना (1992–97) के अंतर्गत भामा ब्यूरो परियोजनाओं के लिए 1 500 लाख रु. की राशि व्यय के लिए प्रदान की गयी। इसमें से वर्ष 1995–96 के दौरान 211 लाख रु. विभिन्न योजनागत

POLICY STRATEGIES AND PLANNING

The Bureau of Indian Standards (BIS) as the National Standards Body of India has been successfully promoting and nurturing the standardization movement in the country since 1947. With the commencement of new industrial policy and economic reforms initiated by the Government of India, the economy is becoming market-driven resulting in competitive industrial environment.

In the changed scenario quality is becoming a key factor for the customers whether it is for a product or service. BIS also reassessed the needs of its customers from time to time and to reorient its working in order to enable to play the role of a key partner in India's industrial development, BIS has initiated several steps towards enhancing the efficiency of its operations and upgrading of services. The Executive Committee had its four meetings during the year to advise BIS in implementation of new policy/directives. The important initiatives taken by BIS during the year are:

1. Establishment of the National Training Institute for Standardization and Quality Management in September 1995 to conduct training programmes on quality systems documentation, auditing, Statistical Quality Control, Total Quality Management, etc. These programmes help the Indian industry in implementation of quality systems and getting ISO 9000 certification.
2. Review of Indian standards to explore possibilities of specifying grades for consumer items having similar end use but to cater to different economic levels of consumers. It would be ensured that the products conforming to the same standard have the minimum safety requirements but may have different levels of performance suiting to different segments of consumers.
3. Reconstitution of six advisory committees set up by BIS to advise in smooth and efficient functioning of BIS.
4. Setting up of the Quality System Certification Scheme Committee in accordance with the requirement of accreditation from Raad voor Accreditatie (RvA) of Netherlands.

PLAN PROJECTS

BIS projects for VIII Five Year Plan (1992-97) envisaged an outlay of Rs 150 million. During 1995-96 Rs 21.1 million were spent on various plan

परियोजनाओं में खर्च किये गये। वर्ष 1995–96 के दौरान की गयी प्रगति का विवरण नीचे दिया जा रहा है :

प्रयोगशाला उपस्कर

परीक्षण की गुणता बनाये रखने के लिए परीक्षण सुविधाओं का आधुनिकीकरण मूलभूत आवश्यकता है। भा मा ब्यूरो प्रयोगशाला को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक लाने के लिए उनका आधुनिकीकरण और परीक्षण सुविधाओं का उन्नयन अद्यतन प्रौद्योगिकी वाले परिष्कृत उपस्कर खरीदकर किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आईसीपी स्पेक्ट्रोमीटर, दो आण्विक अवशोषी स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, 6 नमक छिड़काव चैम्बर, बिजली की इस्तरी के लिए सह्यता परीक्षण उपकरण, बिजली के हीटरों के लिए सह्यता परीक्षण पैनल, ए.सी. अवशोषण डायनमोमीटर तथा अन्य प्रयोगशाला उपस्कर की खरीद पर 108 लाख रु. खर्च किये गये।

कंप्यूटर तथा अन्य सम्बद्ध उपस्कर

भामा ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों का कंप्यूटरीकरण उन्हें और अधिक दक्ष बनाने के लिए किया गया है। पीसी और प्रिन्टर की खरीद पर वर्ष 1995–96 के दौरान 10.4 लाख रु. का व्यय किया गया।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी

विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय समिति की सिफारिशों पर दो परियोजनाएं, अर्थात् भवन तथा सिविल निर्माण के लिए संहिता का विकास और औद्योगिक संरचनाओं का टाइपीफिकेशन की संहिताओं का विकास आरंभ की गई। "भवन संरचना रीतियों" पर हैंडबुक तैयार की गई और यह मुद्रणाधीन है। वर्ष 1995–96 के दौरान 7.2 लाख रु. खर्च किए गए।

गैट मानक संहिता के अंतर्गत केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के तकनीकी अवरोधों को समाप्त करने के लिए भारत ने तटकर और व्यापार पर सामान्य करार (गैट) मानक संहिता के अंतर्गत केन्द्रीय पूछताछ केन्द्र के रूप में भा मा ब्यूरो को नामित किया है। पूछताछ केन्द्र के कार्यकलाप को प्रभावशाली बनाने के लिए यह आवश्यक है कि शक्तिशाली सूचना पद्धति तथा दक्ष नेटवर्क बनाया जाए, ताकि सूचना का वितरण शीघ्र किया जा सके। वर्ष 1995–96 के दौरान माइक्रोग्राफीय उपस्कर की खरीद तथा इसके वार्षिक सेवा प्रभार के रूप में 37 हजार रुपये खर्च किये गये।

स्टाफ के लिए आवास की व्यवस्था

स्थानांतरित होने वाले अधिकारियों के लाभ के लिए भामा ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालयों/शाखा कार्यालयों में आवासीय फ्लैट्स खरीद रहा है। वर्ष 1995–96 के दौरान भामा ब्यूरो ने भोपाल तथा जयपुर में फ्लैट खरीदे और 84.4 लाख रु. खर्च किये।

विश्व बैंक परियोजना

भामा ब्यूरो ने प्रौद्योगिकी सेवा आवर्ती निधि के अंतर्गत विश्व बैंक से वर्ष 1991–92 में 954 लाख रुपये का ऋण सात परियोजनाओं के लिए सरल शर्तों पर प्राप्त किया था। बदलते हुए प्रौद्योगिकी के परिदृश्य

projects. The progress achieved during 1995-96 is given below.

Laboratory Equipment

Modernization of test facilities is fundamental in maintaining the quality of testing. For modernizing and upgrading testing facilities of BIS laboratories in order to bring them to international level, sophisticated equipments with latest technology are being procured. Under this project Rs 10.8 million were spent for procurement of ICP Spectrometer, two Atomic Absorption Spectrophotometers, six Salt Spray Chambers, Endurance Test Apparatus for electric iron, Endurance Test Panels for electric heaters, AC Absorption Dynamometer, and other laboratory equipments.

Computer and Other Associated Equipments

Computerization of various activities in BIS was undertaken to make them more efficient. An expenditure of Rs 1.04 million was incurred for purchase of PCs and printers during 1995-96.

Science and Technology

On the recommendation of the National Committee for Science and Technology, two projects, namely, development of codes for building and civil construction and typification for industrial structures were initiated. A handbook on building construction practices has been prepared and is under printing. An expenditure of Rs 0.72 million was incurred during 1995-96.

Central Enquiry Point Under the GATT Standards Code

To eliminate technical barriers to international trade, Government of India nominated BIS as the Central Enquiry Point under General Agreement on Tariffs and Trade (GATT) Standards Code. For effective functioning of the Central Enquiry Point, it is necessary to have a strong information system and an efficient network for quicker dissemination of information. An expenditure of Rs 37 thousand was incurred for purchase of micrographic equipments and towards its annual service charges during the year 1995-96.

Staff Housing

For the benefit of transferable employees, BIS has been acquiring residential flats in Regional Offices/Branch Offices. During the year 1995-96, BIS has purchased flats at Bhopal and Jaipur and incurred an expenditure of Rs 8.44 million.

WORLD BANK PROJECTS

BIS had negotiated successfully a loan of Rs 95.4 million in 1991-92 on soft terms from the World Bank for its seven projects under the Technology Services

को ध्यान में रखते हुए सभी परियोजनाओं का व्यापक रूप से पुनरीक्षण किया गया।

भा मा ब्यूरो ने 133.2 लाख रुपये की राशि 1995–96 के दौरान मानकीकरण प्रबंध तथा मानक विकास, उत्पादों की गुणता में उन्नयन, भामा ब्यूरो प्रयोशाला नेटवर्क के उन्नयन, भामा ब्यूरो के संवर्धनात्मक प्रयासों को सुदृढ़ करने, भामा ब्यूरों की प्रशिक्षण गतिविधि को सुदृढ़ बनाने तथा मानक सूचना केन्द्र की चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर खर्च किये।

भविष्य की योजनाएं

प्रयोगशाला उपस्कर, कंप्यूटर तथा अन्य सम्बद्ध उपस्कर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा स्टाफ के लिए आवास व्यवस्था की परियोजनाएं जारी हैं तथा ये 1996–97 के दौरान जारी रहेंगी। ये प्रयास किये जा रहे हैं कि 1996–97 के दौरान हरियाणा सरकार से फरीदाबाद में राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्थान के भवन निर्माण के लिए भूमि प्राप्त की जा सके।

Revolving Fund. A comprehensive review of all the projects was undertaken, keeping in view the changed technology scenario.

BIS utilised Rs 13.32 million during 1995-96 on various on-going projects on standardization management and standards development, upgrading quality of products, upgrading BIS laboratory network, strengthening BIS promotional efforts, strengthening BIS training activity and standards information centres.

FUTURE PLANS

Projects on Laboratory Equipments, Computer and other Associated Equipments, Science & Technology and Staff Housing are on-going projects and will be continued in 1996-97. Efforts are being made to procure land for construction of the building for the National Training Institute from the Haryana Government at Faridabad during 1996-97.

मानक निर्धारण

मानकीकरण के प्रति नया दृष्टिकोण

मानक निर्धारण को आवश्यकता पर आधारित और बाजार से जुड़ी गतिविधि बनाने के लिए मानक निर्धारण के लिए नये नीति संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांत जून, 1995 में प्रकाशित किये गये थे। मानकीकरण के प्रति नये दृष्टिकोण के अनुसार निम्नलिखित पर बल दिया जाना चाहिए :

1. नये विषयों की पहचान के लिए ग्राहक की आवश्यकता और बाजार की मांग के आधार पर चयनात्मक दृष्किोण, तथा
2. वर्तमान मानकों की समीक्षा तथा पुनरीक्षण, अव्यवहारिक मानकों को हटाने तथा मानकों की प्रचुर मात्रा को कम करने के लिए मानकों के भागों/अनुभागों को आपस में मिलाने सहित मानक निर्धारण के प्रति एकीकृत दृष्किोण।

इसके अलावा संसाधनों के बेहतर इस्तेमाल के लिए ऐसी समितियां जो सक्रिय नहीं हैं, उनका सक्रिय समितियों के साथ विलय/समामेलन करने पर बल दिया गया है।

प्रचालनात्मक व्यवस्था

नये मार्ग सिद्धांतों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आरंभ की गई व्यवस्था में निम्नलिखित शामिल हैं :

1. मानकीकरण के लिए नये प्रस्ताव का औचित्य देते हुए एक प्रस्ताव प्रपत्र, जिसे प्रस्तावकर्ता द्वारा भरा जाना है, को पुनः सक्रिय बनाया गया है।

2. मानकीकरण के नये प्रस्ताव के अनुमोदन के लिए विश्लेषण करते हुए एक नया मूल्यांकन प्रपत्र आरंभ किया गया है, जिसे समिति के सचिव द्वारा भरा जाना है।

3. मानकीकरण के नये प्रस्तावों की संवीक्षा के लिए विषय समितियां और विभाग परिषदों की सहायता करने/उन्हें परामर्श देने के लिए कार्यालय की एक उच्च स्तरीय संवीक्षा समिति स्थापित की गई है।

विभाग परिषदों /विषय समितियों की बैठक

मानकीकरण निर्धारण गतिविधि का जायजा लेने के लिए सिविल इंजीनियरी, इलेक्ट्रोनिक तथा दूरसंचार, खाद्य एवं कृषि, भारी यांत्रिक इंजीनियरी, नदी घाटी तथा परिवहन इंजीनियरी की विभाग परिषदों की बैठकें वर्ष के दौरान आयोजित की गयीं। मानकों के मसौदों और सम्बद्ध तकनीकी दस्तावेजों पर विस्तार से विचार करने के लिए 165 विषय समितियों की बैठकें भी आयोजित की गयीं।

मानक निर्धारण

वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो ने 341 (नये तथा पुनरीक्षित) मानक निर्धारित किये, जिससे लागू मानकों की कुल संख्या 31 मार्च, 1996 को 16 804 थी (देखें आकृति 1) मानक निर्धारण गतिविधि का क्षेत्रवार विवरण सारणी 1 में दिया गया है।

STANDARDS FORMULATION

NEW STANDARDIZATION APPROACH

In order to make standards formulation a need based and market driven activity, new policy guidelines for standards formulation were published in June 1995. As per the new standardization approach emphasis is on:

1. A selective approach in identification of new subjects based on customer needs and market demand, and
2. An integrated approach for standards formulation, including review and revision of existing standards; weeding out obsolete standards; and amalgamating Parts/ Sections of standards to avoid standards proliferation.

Besides, emphasis has also been laid on merger/ amalgamation of non-active Committees with active Committees for better utilization of resources.

Operational Mechanism

The mechanism introduced for effective implementation of the new guidelines include the following:

1. A Proposal Proforma for giving justification for new proposals for standardization, to be filled up by the proposer, has been revitalized.
2. An Evaluation Proforma for giving analysis for approval of new proposal for standardization, to be filled up by the Committee Secretary, has been introduced.
3. A high level in-house Screening Committee has been set up to assist/advise Sectional Committees and Division Councils in screening new proposals for standardization.

MEETING OF DIVISION COUNCILS/ SECTIONAL COMMITTEES

To take stock of standards formulation activity, Division Councils of Civil Engineering, Electronics and Telecommunications, Food and Agriculture, Heavy Mechanical Engineering, River Valley and Transport Engineering met during the year. The meetings of 165 Sectional Committees were also held to consider drafts of standards and related technical documents in detail.

STANDARDS FORMULATION

During the year, BIS formulated 341 (new and revised) standards, bringing the total number of standards in force to 16 804 as on 31 March 1996 (*see* Fig. 1). Fieldwise details of standards formulation activity is given in Table 1.

महत्वपूर्ण मानक

कुछ महत्वपूर्ण विषय, जिन पर नये तथा पुनरीक्षित मानक बने, की सूची नीचे दी जा रही है :

रसायन

- सतह सक्रिय अभिकर्मकों (संशोधित स्टर्म परीक्षण) की तैयार जैव–अवकर्षणीयता की परीक्षण पद्धति
- रबड़ के जूतों का आस्तरित चालन – विशिष्टि
- वनस्पति के लिए लेमिनेटित कागज गत्ते का पैक – विशिष्टि

सिविल इंजीनियरी

- सीमेंट की निर्दोषता–परीक्षण के लिए ऑटोक्लेव की विशिष्टि
- सीमेंट चढ़े पार्टिकल बोर्ड

इलैक्ट्रॉनिकी और दूरसंचार

- आयाम माड्यूलन प्रसारण संचरणों के लिए रेडियो रिसीवर – विशिष्टि

आकृति 1 लागू मानक
Fig. 1 Standards in Force



IMPORTANT STANDARDS

Some of the important subjects on which new or revised Indian Standards were formulated are listed below:

Chemical

- Method of test for ready bio-degradability of surface active agents (Modified sturm test)
- Rubber footwear lined conducting – Specification
- Laminated paper board pack for vanaspati–Specification

Civil Engineering

- Specification for autoclave for testing soundness of cement
- Cement bonded particle boards

Electronics and Telecommunication

- Radio receivers for amplitude modulation broadcast transmissions–Specification

सारणी 1 1995–96 के दौरान मानक निर्धारण गतिविधि
Table 1 Standards Formulation Activity During 1995-96

क्षेत्र Field	निर्धारित मानक Standards Formulated	जारी किए गए संशोधन Amendments Issued
(1)	(2)	(3)
रसायन Chemical	29	21
सिविल इंजीनियरी Civil Engineering	13	21
इलैक्ट्रॉनिकी एवं दूरसंचार Electronics and Telecommunications	21	1
विद्युत तकनीकी Electrotechnical	32	25
खाद्य एवं कृषि Food and Agriculture	43	175
भारी यांत्रिक इंजीनियरी Heavy Mechanical Engineering	25	11
हल्की यांत्रिक इंजीनियरी Light Mechanical Engineering	28	7
प्रबन्ध एवं पद्धति Management and Systems	16	16
चिकित्सा उपस्कर एव अस्पताल आयोजना Medical Equipment and Hospital Planning	12	17
धातुकर्म इंजीनियरी Metallurgical Engineering	24	29
पेट्रोरसायन Petrochemicals	25	27
उत्पादन इंजीनियरी Production Engineering	25	38
नदी घाटी River Valley	13	2
वस्त्रादि Textiles	20	8
परिवहन इंजीनियरी Transport Engineering	20	7
योग Total	**346**	**405**

- आवृत्ति माड्यूलन प्रसारण संचरणों के लिए रेडियो रिसीवर – विशिष्टि
- सूचना संसाधनों के संरक्षण की मार्गदर्शिका
- सूचना सुरक्षा प्रबंध की रीति संहिता

विद्युत तकनीकी

- मोटर वाहनों के लिए सीसा–अम्ल की भंडारण बैटरियां
- निमज्जनीय मोटरों के लिए कुंडलन तार
- निमज्जन पंपसेटों के लिए मोटर
- फोर्म वाउन्ड स्टेटर कॉयल सहित घूर्णी ए.सी. मशीनों के आवेग निध्नकारी स्तर
- प्रोग्रामन योग्य नियंत्रक – सामान्य सूचना
- समायोज्य गति विद्युत चालक, अपेक्षाएं, सामान्य अनुप्रयोग – रेटिंग विशिष्टि, विशेषकर डीसी मोटर चालक के लिए
- क्रिस्टलीय सिलिकॉन फोटो–वोल्टीय मॉड्यूल के लिए अर्हता परीक्षण प्रक्रिया

खाद्य एवं कृषि

- अजादिरेक्टिन युक्त नीम रस सांद्र – विशिष्टि
- अजादिरेक्टिन युक्त नीम आधारित ईसी – विशिष्टि

भारी यांत्रिक इंजीनियरी

- प्रत्यक्ष क्रिया हैंडपम्प – विशिष्टि
- पट्टा प्रणाली – रखरखाव सुविधाएं – डिजाइन संबंधी मानदण्ड

हल्की यांत्रिक इंजीनियरी

- पैकेजबंदी – 500 कि.ग्रा. तक के डीज़ल इंजन के निर्यात के लिए पैकेज – रीति संहिता
- अंतरण युक्ति – औद्योगिक उपयोग के लिए सिरा रहित संकीर्ण 'v' आकार के पट्टे
- इंजीनियरी मापमिति–डायल स्नेप गेज–विशिष्टि

प्रबंध एवं पद्धति

- नमूने लेने की निरीक्षण कार्यविधियां – विलगित राशि के निरीक्षण के लिए सीमित गुणता (एल क्यू) द्वारा सूचित गुण–दोष मालूम करने के लिए नमूने लेने की योजना
- कार्य अध्ययन की तकनीक – कार्य मापन
- अस्पताल सहायी सेवाओं के लिए गुणता प्रबंध (30 संस्तरित अस्पतालों) के मार्गदर्शी सिद्धांत

चिकित्सा उपस्कर एवं अस्पताल आयोजना

- अन्तर्नेत्रीय लैंस – विशिष्टि
- चिकित्सा उपयोग के लिए रक्ताधान उपस्कर – एकल उपयोग के लिए रक्ताधान का सैट
- बार्ड पार्कर किस्म के शल्यक वियोज्य ब्लेड तथा दस्ते – विशिष्टि

- Radio receivers for frequency modulation broadcast transmission–Specification
- Guide for protection of information resources
- Code of practice for information security management

Electrotechnical

- Lead acid storage batteries for motor vehicles
- Winding wires for submersible motors
- Motors for submersible pump sets
- Impulse withstand levels of rotating ac machines with form wound stator coils
- Programmable controllers – General information
- General application, requirements for adjustable speed electric drive systems – Rating specifications particularly for dc motor drives
- Qualification test procedure for crystalline silicon photo voltaic modules

Food and Agriculture

- Neem extract concentrate containing Azadirachtin–Specification
- Neem based EC containing Azadirachtin–Specification

Heavy Mechanical Engineering

- Direct action hand pump – Specification
- Conveyor systems – Maintenance facilities – Design parameters

Light Mechanical Engineering

- Packaging – Export packaging of Diesel engines up to 500 kg – Code of practice
- Transmission devices – Endless narrow 'v'-belts for industrial use – Specification
- Engineering metrology – Dial snap gauges–Specification

Management and Systems

- Sampling Inspection Procedures : Attribute sampling plans indexed by limiting quality (LQ) for isolated lot Inspection
- Techniques of Work Study – Work measurement
- Guidelines for Quality Management for hospital support services (upto 30 bedded hospitals)

Medical Equipment and Hospital Planning

- Intra Ocular lenses – Specification
- Transfusion equipment for medical use – Specification for single use Blood-taking set
- Detachable surgical blades (Bard parker type) and handles – Specification

धातुकर्म इंजीनियरी

- धातुओं का तनन परीक्षण
- सतत पूर्व – रोगनित जस्तीकृत इस्पात की चद्दरें एवं कुंडलियां – विशिष्टि
- धातुओं और मिश्रधातुओं का संक्षारण – वातावरण के संक्षारणता संवर्गों के अनुशंसित मान
- विद्युततार बंदी उपसाधनों में धारा निर्वाह भाग के लिए पीतल– विशिष्टि

पैट्रोरसायन

- तेल में कोलाइडल ग्रेफाइट परिक्षेपण – विशिष्टि
- एल्युमिनियम शीतित रोलिंग तेल – विशिष्टि
- संवातन वाहिनी – विनायल लेपित, नम्य तथा अर्धदृढ़ – विशिष्टि

उत्पादन इंजीनियरी

- छैनी और गॉज
- कार्बाइड टिप युक्त एक नोंक वाले आयोजन औज़ार

नदी घाटी

- कंकरीट तथा चिनाई बांधों में रंध्र दाब मापन युक्तियां (कम्पन तार टाइप सैल) का संस्थापन, रखरखाव तथा प्रेक्षण–रीति संहिता
- जल वैज्ञानिक संरचनाओं के लिए भूमिजल अन्वेषण – मार्गदर्शी सिद्धांत
- रिसाव नियंत्रण के लिए डायाफ्रामवाल की डिजाइन तथा निर्माण–रीति संहिता
- जलोढ़ ग्रावटिंग सामग्री का चयन–मार्गदर्शी सिद्धांत
- जल गहराई मापन हेतु प्रतिध्वनि ध्वनित्र

वस्त्रादि

- मत्स्यन प्रयोजन के लिए संयोजी तार रस्से – विशिष्टि
- वस्त्रादि – सादी बुनी हुई महिलाओं की सूती पेंटी – विशिष्टि
- पोलियस्टर बहु तंतु रस्से – विशिष्टि
- भूवस्त्रादि – समलंबाभ विदारण सामर्थ्य की परीक्षण पद्धति
- भूवस्त्रादि – शुष्क चालन तकनीक द्वारा आभासी ओपनिंग साइज ज्ञात करने की पद्धति
- भूवस्त्रादि – जल पारगम्यता ज्ञात करने की परीक्षण पद्धतियां

परिवहन इंजीनियरी

- मोटरगाड़ी वाहन – ब्रेक तथा ब्रेकिंग प्रणाली के लिए परीक्षण प्रक्रिया की सिफारिश
- मोटरगाड़ी वाहन – परावर्ती चद्दर तथा टेप – विशिष्टि
- मोटरगाड़ी वाहन – पंजीकरण पट्टिका – अपेक्षाएं
- मोटरगाड़ी वाहन – एकीकृत पावर स्टीयरिंग गीयर – परीक्षण पद्धति

Metallurgical Engineering

- Tensile testing of metals
- Continuously pre-painted galvanized steel sheets and coils – Specification
- Corrosion of metals and alloys – Recommended values for the corrosivity categories of atmospheres
- Brass for current carrying parts in electrical wiring accessories – Specification

Petrochemicals

- Colloidal graphite dispersion in oil – Specification
- Aluminium cold rolling oil – Specification
- Ventilation ducting – Vinyl coated, flexible and semi-rigid – Specification

Production Engineering

- Chisels and gouges
- Carbide tipped single point planning tools

River Valley

- Installation, maintenance and observation of pore pressure measuring devices (vibrating wire type cell) in concrete and masonry dams – Code of practice
- Ground water investigations for hydraulic structures– Code of practice
- Design and construction of diaphragms for under seepage control – Code of practice
- Choice of grouting materials for alluvial grouting– Guidelines
- Echo sounders for water depth measurement

Textiles

- Combination wire ropes for fishing purposes– Specification
- Textiles – Plain knitted ladies cotton panties– Specification
- Polyester multifilament ropes – Specification
- Geotextiles – Method of test for trapezoid tearing strength
- Geotextiles – Method for determination of apparent opening size by dry sieving technique
- Geotextiles – Methods of test for determination of water permeability permittivity

Transport Engineering

- Automotive vehicles – Test procedure recommendation for brakes and braking systems
- Automotive vehicles – Reflective sheets and tapes – Specification
- Automotive vehicles – Registration plate – Requirements
- Automotive vehicles – Integral power steering gear – Method of test

मानकों की पुनरीक्षा और उन्हें अद्यतन बनाना

मानकों की पुनरीक्षा आवश्यकता होने पर किन्तु 5 वर्ष में एक बार निश्चित रूप से की जाती है। वर्ष के दौरान पुनरीक्षा करने के बाद 346 मानक पुनः निरीक्षण हेतु लिए गये, 77 मानक वापस लिये गये और 3 485 मानक पुनर्पुष्ट किये गये। इसके अतिरिक्त वर्तमान मानकों के 405 संशोधन जारी किये गये।

पर्यावरण प्रबंध

पर्यावरण संरक्षण तथा प्रबंध आज विश्व में चिन्ता का विषय है। अभी तक भामा ब्यूरो ने औद्योगिक निःस्राव, जल तथा अपशिष्ट जल के नमूने लेने और परीक्षण की पद्धति, औद्योगिक निःस्राव के उपचार व निपटान की मार्गदर्शिका, वायु प्रदूषण के मापन की पद्धतियां, उद्योग में वायु प्रदूषण के निरीक्षण की रीति संहिता तथा ठोस औद्योगिक अपशिष्ट के निपटान के मार्गदर्शी सिद्धांतों से संबंधी मानक प्रकाशित किये हैं।

पर्यावरण प्रबंध पद्धति पर अंतर्राष्ट्रीय मानकों, जिन्हें आईएसओ 14 000 श्रृंखला के लोकप्रिय नाम से जाना जाता है, के विकास को देखते हुए भामा ब्यूरो की रसायन विभाग परिषद् ने पर्यावरण संरक्षण और प्रबंध को बल देने वाले क्षेत्र के रूप में पहचाना है। भा मा ब्यूरो की जल पर्यावरण संरक्षण विषय समिति सीएचडी 12, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आईएसओ 14000 मानकों की श्रृंखला के निर्धारण की प्रगति को काफी सजग होकर देख रही है और अपनी 19 मार्च, 1996 को हुई बैठक में इस समिति ने आईएसओ/टीसी 207 पर्यावरण प्रबंध समिति द्वारा प्रकाशित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय मानकों की पुनरीक्षा के बाद इन मानकों को राष्ट्रीय मानक के रूप में अपनाने का निर्णय लिया है।

ऊर्जा संरक्षण

बिजली ऊर्जा का सबसे सुविधाजनक रूप है। यह कहा गया है कि विद्युत ऊर्जा की मांग में वृद्धि ज्यामिति के अनुक्रम में होती है, जबकि बिजली की पूर्ति की वृद्धि अंकगणित के अनुक्रम में होती है जिसके परिणामस्वरूप मांग और आपूर्ति में अन्तर बढ़ता जाता है।

भारतीय मानक ब्यूरो ऊर्जा संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उपस्करों/उत्पादों पर भारतीय मानकों में निम्नलिखित पहलुओं में एक अथवा अधिक को प्रतिबंधित किया गया है :

i) ऊर्जा खपत की अधिकतम सीमा,
ii) न्यूनतम दक्षता, तथा
iii) अधिकतम क्षति।

उत्पाद मानकों के अलावा पद्धति, डिजाइन के चयन तथा संस्थापन और रख–रखाव की संहिताओं से सम्बद्ध ऊर्जा दक्षता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शिकाएं हैं। बिजली की मोटरें तथा पम्पों, बिजली के उपकरणों, विद्युत लैम्पों, रेफ्रीजरेटर तथा वातानुकूलों इत्यादि पर भारतीय मानक, उपभोक्ताओं को ऊर्जा दक्ष उत्पादों को चुनने में सहायता करने के लिए, रेटिंग प्लेटों पर ऊर्जा खपत/दक्षता के बारे में सूचना अंकित करना निर्दिष्ट करते हैं। इसके अलावा ऊर्जा संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा खपत और दक्षता पर वर्तमान मानदण्डों को भी अद्यतन किया जा रहा है। जिन भारतीय मानकों में अभी तक ऊर्जा दक्षता संबंधी मानदण्ड और उनके परीक्षण की पद्धतियां सम्मिलित नहीं की गई हैं, उन मानकों में उपर्युक्त को सम्मिलित करने के लिए भी कार्यवाही की जा रही है।

REVIEW AND UPDATING OF STANDARDS

Standards are reviewed as considered necessary, but at least once in five years. After review, 346 number of standards were taken up for revision, 77 withdrawn and 3 485 re-affirmed during the year. In addition, 405 amendments were issued to the existing standards.

ENVIRONMENT MANAGEMENT

Environment Protection and Management is a matter of global concern today. So far BIS has published standards pertaining to method of sampling and test for industrial effluents, water and wastewater, guide for treatment and disposal of industrial effluents, methods of measurement of air pollution, code of practice for control of air pollution in industry and guidelines for disposal of solid industrial wastes.

Chemical Division Council of BIS, identified Environment Protection and Management as a thrust area, in view of the development of international standards on Environment Management System popularly known as ISO 14 000 series. The Water Environmental Protection Sectional Committee, CHD 12 of BIS is closely watching the progress of formulation of ISO 14000 series of standards at the international level and at its last meeting held on 19 March 1996 decided to adopt these standards as national standards after reviewing the international standards published by ISO/TC 207 Environmental Management Committee.

ENERGY CONSERVATION

Electricity is the most convenient form of energy. It is said that the growth of demand of electrical energy is in geometric progression, whereas the growth of electric supply is in arithmetic progression, resulting in increased gap between demand and supply.

Bureau of Indian Standards plays a significant role in energy conservation. The Indian Standards on the equipment/products by and large stipulate one or more of the following aspects:

i) Maximum limit of energy consumption,
ii) Minimum efficiency, and
iii) Maximum losses.

Besides product standards, there are guides for achieving energy efficiency concerning selection of systems, design and codes for installation and maintenance. Indian standards on electric motors and pumps, electrical appliances, electric lamps, refrigerators and air-conditioners, etc, stipulates marking of energy consumption/efficiency on the rating plates to assist consumer in selecting energy efficient products. Also the existing stipulations on energy consumption and efficiency are being updated with a view to conserve energy. Actions have also been initiated to incorporate energy efficiency parameters and their methods of tests in cases where such requirements are not so far covered in Indian standards.

प्रदीपन इंजीनियरी के क्षेत्र में राष्ट्रीय प्रकाश व्यवस्था संहिता को तैयार करने का कार्य अंतिम अवस्था में है। इस संहिता में प्राकृतिक प्रकाश की उपयोगिता, विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों इत्यादि पर समुचित प्रकाश स्रोतों की स्थिति और लोकेशन पर विशेष बल दिया गया है।

इस वर्ष किये गये कार्य में निम्नलिखित कार्य उल्लेखनीय हैं :

आईएस 325 : 1996 तीन फेजीय प्रेरण मोटरें (चौथा पुनरीक्षण)

इस पुनरीक्षण में दक्षता और पावर घटक के गुणक के स्थान पर दक्षता को विशेष रूप से निर्दिष्ट करते हुए ऊर्जा संरक्षण के पहलू को शामिल किया गया है और घोषित प्रवर मानों के ऋणात्मक छूट को अनुमति नहीं दी गई है। रेटिंग प्लेट पर मोटर की दक्षता का सूचनांकन अनिवार्य बनाया गया है।

आईएस 8789 : 1996 तीन फेजीय प्रेरण मोटरों के कार्यकारिता अभिलक्षणों के मान (पहला पुनरीक्षण)

इस पुनरीक्षण में कार्यकारिता के मूल्यांकन के लिए दक्षता तथा पावर घटक के गुणक के पहले मानों के स्थान पर मोटरों की दक्षता का मान दिया गया है। इससे उर्जा संरक्षण की दिशा में और उपयोगकर्ता को उचित दक्षता वाली मोटरों के चयन में सहायता मिलेगी।

आईएस 13021 (भाग 1) : 1991 नलिकाकार प्रतिदीप्ति लैम्पों के लिए एसी आपूर्तित इलैक्ट्रोनिक बेलास्ट : भाग 1 सामान्य तथा सुरक्षा अपेक्षाएं, *और*

आईएस 13021 (भाग 2) : 1991 नलिकाकार प्रतिदीप्ति लैम्पों के लिए एसी आपूर्तित इलैक्ट्रोनिक बेलास्ट : भाग 2 कार्यकारिता अपेक्षाएं

इलैक्ट्रोनिक बेलास्ट को ऊर्जा संरक्षण के कारण ही ग्राहकों ने स्वीकार किया है। इलैक्ट्रोनिक बेलास्ट में पावर की क्षति पारम्परिक बेलास्ट की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम है। यह मानक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हुए नये विकासों के साथ एकरूप करने के लिए विचाराधीन है।

भामा ब्यूरो पावर मंत्रालय के अंतर्गत ऊर्जा प्रबंध समिति के साथ इंडोयूएस कोपरेशन प्रोग्राम ऑन एनर्जी एफीसेंसी, लेबलिंग एंड टेस्टिंग में सक्रियता से भाग ले रहा है।

In the area of illumination engineering, preparation of 'National Lighting Code' is in an advanced stage. In this code, special emphasis is being given regarding utilization of natural light, layout and location of proper light sources for different kinds of applications, etc.

Among the work done during this year, the following may be worth mentioning:

IS 325 : 1996 Three-phase induction motors (fourth revision)

The aspect of energy conservation has been introduced in this revision by specifying the efficiency in place of product of efficiency and power factor and also negative tolerance has not been permitted on declared superior values. Marking of efficiency of the motor on the rating-plate has been made obligatory.

IS 8789 : 1996 Values of performance characteristics for three-phase induction motors (first revision)

In this revision, the value of efficiency of motors has been given replacing the earlier values of product of efficiency and power factor for evaluating the performance. This would permit the user to choose motors with higher efficiency as a step towards energy conservation.

IS 13021(Part 1) : 1991 AC supplied electronic ballasts for tubular fluorescent lamps : Part 1 General and safety requirements, *and*

IS 13021(Part 2) : 1991 AC supplied electronic ballasts for tubular fluorescent lamps : Part 2 Performance requirements.

Electronic ballasts gained acceptability by consumers because of energy conservation. The power losses in electronic ballasts are significantly less than conventional ballasts. The standard is under review for aligning with new developments at international level.

BIS is actively participating in the Indo-US Cooperation Programme on Energy Efficiency, Labelling and Testing in liaison with Energy Management Committee under Ministry of Power.

उत्पाद प्रमाणन

भा मा ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना में वर्ष 1995–96 के दौरान भी प्रगति जारी रही। प्रमाणन से प्राप्त आय में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिससे यह आय 3 678 लाख रु. हो गई। वर्ष के दौरान 1 429 नये लाइसेंस जारी किये गये (देखें आकृति 2)। भा मा ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना के अन्तर्गत 22 उत्पाद पहली बार शामिल किये गये। इनमें से कुछ उत्पाद इस प्रकार हैं :

- न्यूज प्रिंट पेपर
- पूर्व लेमिनेटर पार्टिकल बोर्ड
- सिंचाई उपस्कर के संघटक
- गहराई से पानी निकालने के हथबरमे के संघटक
- एक बार उपयोग में आने वाले शल्यक रबड़ के दस्ताने
- निर्गन्धकारी सह रोगाणुनाशी तरल
- विद्युत भाप कुकर
- स्लाइड बंधन सामग्री
- ऐसी स्थैतिक वाटघंटा मापी
- विद्युत तापन एलीमेंट – ठोस अन्तः स्थापित किस्म

प्रमाणन के अन्तर्गत भारतीय मानक

प्रमाणन मुहर योजना लागू होने से लेकर अब तक जिन भारतीय मानकों के प्रति उत्पाद प्रमाणित किये गए हैं उनमें से 325 मानक आम उपभोक्ता द्वारा रोजाना इस्तेमाल की वस्तुओं जैसे एलपीजी सिलेंडर, एलपीजी स्टोव, तेल दाब चूल्हे, प्रेशर कुकर, निरापद माचिस, सेफटी रेजर ब्लेड, जीएलएस लैम्प, प्रतिदीप्ति ट्यूब, शुष्क सैल बैटरियां, सूती बनियानें, चूर्ण के रूप में उपलब्ध हेयर डाई, डेजर्ट कूलर, वनस्पति, बिस्कुट, दूध के उत्पाद, शिशु आहार, मच्छर दानी, मच्छर भगाने वाली रेपिलेंट मेट, चाकलेट, सिलाई के धागे और कोको पाउडर हैं। वर्ष में प्रमाणित की गई वस्तुओं का अनुमानित मूल्य लगभग 9 500 करोड़ रुपये है।

PRODUCT CERTIFICATION

The BIS Product Certification Marks Scheme continued to make progress during 1995-96. The income from certification fees increased by 14 percent and reached the figure of Rs 367.8 million. The new licences issued during the year numbered 1 429 *(see Fig. 2)*. Twenty two products came under the BIS certification scheme for the first time. Some of these products are:

- Newsprint paper
- Prelaminated Partical Boards
- Irrigation Equipment Components
- Deepwell Handpump Components
- Disposable Surgical Rubber Gloves
- Deodourising-cum-disinfectant fluids
- Electric Steam Cooker
- Slide Fasteners
- AC Static Watthour Meter
- Electric Heating Elements — Solid Embedded type

Indian Standards Under Certification

Out of the total number of Indian Standards against which products have been certified since inception of the Scheme, 325 standards relate to items of daily use for common consumers, such as LPG cylinders, LPG stoves, oil pressure stoves, pressure cookers, safety matches, safety razor blades, GLS lamps, fluorescent tubes, dry cell batteries, cotton vests, powder hair dyes, desert coolers, vanaspati, biscuits, milk products, infant foods, mosquito nets, mosquito repellant mats, chocolates, sewing threads and cocoa powder. The value of the goods certified annually is estimated to be of the order of Rs 95,000 million.

आकृति 2 भामा ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन (आई एस आई मुहर) दिये गये लाइसेंस

Fig. 2 BIS Product Certification (ISI Mark) Licences Granted



आकृति 3 31 मार्च को लागू लाइसेंसों की संख्या

Fig. 3 Number of Operative Licences as on 31st March

31 मार्च, 1996 तक जारी लाइसेंसों की कुल संख्या 12 279 है (देखें आकृति 3)। इन लाइसेंसों का क्षेत्रवार विवरण तालिका 2 में दिया गया है।

लागू लाइसेंसों/उत्पाद प्रमाणन योजना के अन्तर्गत आवेदकों का मूल्यांकन

नये लाइसेंस प्रदान करने के लिए किये गये आरंभिक निरीक्षणों, वर्तमान लाइसेंसों का पर्यवेक्षण करने के लिए किये गये आवधिक और अन्य निरीक्षणों की संख्या तालिका 3 में दी गई है।

गतावधि/निरस्त किये गये लाइसेंस

वर्ष के दौरान 998 लाइसेंस गतावधि/निरस्त किए गए। लाइसेंसों के गतावधि, निरस्त होने के कारण लाइसेंसधारी की असंतोषजनक कार्यकारिता, निर्माता द्वारा लाइसेंस में शामिल उत्पाद के निर्माण में रुचि न होना इत्यादि थे।

The total number of operative licences as on 31 March 1996 stood at 12 279 *(see* Fig. 3). The region-wise distribution of these licences is given in Table 2.

Assessment of Operative Licences/Applicants under Product Certification Scheme

The number of preliminary inspections carried out for grant of new licences, periodic and other inspections for supervision over existing licences are given in Table 3.

Expired/Cancelled Licences

During the year, 998 licences were expired/cancelled. The reasons for expiry/cancellation of licences include unsatisfactory performance, lack of interest on the part of the licensees to continue manufacturing of the product covered under the licence, etc.

सारिणी 2 प्रमाणन मुहर लाइसेंसों का क्षेत्रवार वितरण
TABLE 2 REGION-WISE DISTRIBUTION OF CERTIFICATION MARKS LICENCES
(31 मार्च 1996 तक) (AS ON 31 MARCH 1996)

क्रम सं. SL NO.	क्षेत्र REGION	शाखा कार्यालय BRANCH OFFICE		लागू लाइसेंस LICENCES IN OPERATION
1.	मध्य CENTRAL	क) दिल्ली	a) Delhi	1 382
		ख) भोपाल	b) Bhopal	573
		ग) गाजियाबाद	c) Ghaziabad	506
		घ) जयपुर	d) Jaipur	542
			योग TOTAL	**3 003**
2.	पूर्वी EASTERN	क) कलकत्ता (गुवाहाटी सहित)	a) Calcutta (including Guwahati)	1 270
		ख) भुतनेश्तर	b) Bhubaneshwar	214
		ग) पटना	c) Patna	326
			योग TOTAL	**1 810**
3.	उत्तरी NORTHERN	क) चण्डीगढ	a) Chandigarh	1 545
		ख) फरीदाबाद	b) Faridabad	343
		ग) कानपुर	c) Kanpur	244
		घ) लखनऊ	d) Lucknow	264
			योग TOTAL	**2 396**
4.	दक्षिणी SOUTHERN	क) मद्रास	a) Madras	699
		ख) बंगलौर	b) Bangalore	419
		ग) कोयम्बत्तूर	c) Coimbatore	439
		घ) हैदराबाद	d) Hyderabad	607
		ङ) तिरूवनंतपुरम	e) Thiruvananthapuram	168
			योग TOTAL	**2 332**
5.	पश्चिमी Western	क) मुम्बई	a) Mumbai	1 669
		ख) अहमदाबाद	b) Ahmedabad	1 069
			योग TOTAL	**2 738**
			महायोग GRAND TOTAL	**12 279**

प्रमाणन प्रचालन की समीक्षा

भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना के प्रचालन, मानकों के कार्यान्वयन में आने वाली तकनीकी समस्याओं, किसी उत्पाद के गुणता सुबंधी मानदण्डों में उपयोगकर्ता की कार्यकारिता के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के उद्देश्य से भामा ब्यूरो लाइसेंसधारियों तथा संबद्ध उपभोक्ताओं से सरोकार रखने वालों के साथ विशिष्ट क्षेत्रों में पुनरीक्षा बैठके तथा कार्यशालाएं आयोजित करता है। फीडबैक से प्राप्त आंकड़ों का प्रयोग मानकों और प्रमाणन प्रक्रियाओं के पुनरीक्षण के लिए किया जाता है।

Review of Certification Operation

Review meetings and workshops with the BIS licensees and the concerned consumer interests in specified fields are held periodically to obtain feedback on the operation of the BIS Certification Marks Scheme, technical difficulties encountered in the implementation of standards, users preferences for quality parameters of a product, etc. The feedback data received comes handy for reviewing the standards and certification procedures.

सारिणी 3 1 अप्रैल 1995 से 31 मार्च 1996 के दौरान किए गए निरीक्षण

TABLE 3 INSPECTIONS CARRIED OUT FROM 1 APRIL 1995 TO 31 MARCH 1996

क्रम सं. / SL NO.	क्षेत्र / REGION	शाखा कार्यालय / BRANCH OFFICE		निरीक्षणों की संख्या / NO. OF INSPECTIONS			योग / TOTAL
				प्रारंभिक / PRELIMINARY	आवधिक / PERIODIC	अन्य / OTHERS	
1.	मध्य Central	क) दिल्ली	a) Delhi	263	1 030	709	2 002
		ख) भोपाल	b) Bhopal	199	1 021	392	1 612
		ग) गाजियाबाद	c) Ghaziabad	63	726	1 217	2 006
		घ) जयपुर	d) Jaipur	212	405	2 305	2 922
		योग TOTAL		**737**	**3 182**	**4 623**	**8 542**
2.	पूर्वी Eastern	क) कलकत्ता (गुवाहाटी सहित)	a) Calcutta (including Guwahati)	187	1 535	1 046	2 768
		ख) भुवनेश्वर	b) Bhubaneshwar	23	781	534	1 338
		ग) पटना	c) Patna	32	485	257	774
		योग TOTAL		**242**	**2 801**	**1 837**	**4 880**
3.	उत्तरी Northern	क) चण्डीगढ़	a) Chandigarh	188	1 667	1 473	3 328
		ख) फरीदाबाद	b) Faridabad	56	627	5 090	5 773
		ग) कानपुर	c) Kanpur	37	348	113	498
		घ) लखनऊ	d) Lucknow	73	442	177	692
		योग TOTAL		**354**	**3 084**	**6 853**	**10 291**
4.	दक्षिणी Southern	क) मद्रास	a) Madras	52	664	1 862	2 578
		ख) बंगलौर	b) Bangalore	20	572	2 150	2 742
		ग) कोयम्बत्तूर	c) Coimbatore	36	633	105	774
		घ) हैदराबाद	d) Hyderabad	90	852	1 189	2 131
		ङ) तिरूवनंतपुरम	e) Thiruvananthapuram	33	138	266	437
		योग TOTAL		**231**	**2 859**	**5 572**	**8 662**
5.	पश्चिमी Western	क) मुम्बई	a) Mumbai	334	1 305	2 056	3 695
		ख) अहमदाबाद	b) Ahmedabad	186	889	3 110	4 185
		योग TOTAL		**520**	**2 194**	**5 166**	**7 880**
		कुल योग GRAND TOTAL		**2 084**	**14 120**	**24 051**	**40 255**

वर्ष के दौरान लाइसेंसधारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में 21 पुनरीक्षण बैठके आयोजित की गईं। इसमें से कुछ क्षेत्र हैं :

- सीमेंट
- यूपीवीसी पाइप और फिटिंग
- विद्युत मोटर और पम्पसेट
- एलपीजी सिलेंडर, वाल्व और रेगुलेटर
- गहराई से पानी निकालने के हथबरमे
- ढलवां लोहा मृदा पाइप
- कपास
- वनस्पति
- रंग रोगन
- बिजली के केबल
- विद्युत साधिन्न और उपकरण
- डीजल इंजन
- लघु सीमेंट संयंत्र

प्रवर्तन

ब्यूरो ने 24 मार्च, 1994 को हुई अपनी बैठक में प्रवर्तन पर एक स्थायी समिति गठित की, जिसे सरकार द्वारा जारी गुणता नियंत्रण आदेशों के उल्लंघन और भामा ब्यूरो अधिनियम 1986 का उल्लंघन करने वालों के साथ अपनायी जाने वाली नीति पर सुझाव देना था। वर्ष के दौरान इस समिति की एक बैठक 16 मई, 1995 को आयोजित की गई, इस बैठक के दौरान जो महत्वपूर्ण बात उठाई गई, वह थी भामा ब्यूरो अधिनियम और अनिवार्य वस्तु अधिनियम के प्रभावी प्रवर्तन के लिए उन बैठकों में ग्राहक संगठनों को प्रत्यक्ष सहभागिता सुनिश्चित करना, जो उन उत्पादों से संबंधित हों जो अनिवार्य प्रमाणन में शामिल हैं।

छापे और अभियोजन

i) स्टैण्डर्ड्स इण्डिया (मासिक, अंग्रेजी पत्रिका)
ii) स्टैण्डर्ड्स वर्ल्ड ओवर – मंथली एडीशंस
iii) करंट पब्लिश्ड इनफारमेशन ऑन स्टैण्डर्ड्इजेशन (मासिक)
iv) ईसी नार्म स्कैन (ईसी की मानकीकरण सूचनाएं) (तिमाही)
v) स्टैण्डर्ड्स मंथली एडीशंस
vi) बीआईएस हैंडबुक
vii) मानकदूत (तिमाही हिन्दी पत्रिका)

INFORMATION SERVICES

The Bureau of Indian Standards provides information services from its Headquarters at New Delhi and Regional and Branch Offices spread throughout the country. The services at Headquarters are being provided in our capacity as the GATT/WTO Enquiry Point, ISONET Centre and the National Standards Body of India.

WTO-GATT Enquiry Point

Technical Information Services Centre, BIS has been working as WTO-GATT Enquiry Point under the GATT Agreement on Technical Barriers to Trade. BIS received 314 TBT (Technical Barriers to Trade) Notifications during the year and issued 11 Notifications for the information of member countries of WTO about Indian Standards. BIS answered 4 600 enquiries from individuals, industry, Government agencies and foreign countries about standards, technical regulations and certification systems.

INFORMATION PROVIDED THROUGH ELECTRONIC MEDIA

Bibliographic service to the public is provided from the database of world standards – Manaksandarbhika which has more than 200 thousand records.

BIS provides information about Buyers' Guide to Industry and purchase organizations. The database of products covered under certification marks scheme of BIS, include name of the licensee, address, IS number, licence number and validity of licence.

BIS has developed a database as per ISONET manual for all the existing Indian Standards on which information can be directly accessed through a user friendly software. The database provides basic information such as title, abstract, descriptors, relatedness with other national and international standards, ICS and HS Code of Indian Standards.

INFORMATION BULLETIN

To keep the users abreast with the latest development in standardization and quality systems, at national and international level, following information bulletins are brought out by the BIS regularly:

i) Standards India (monthly, English journal)
ii) Standards Worldover – Monthly Additions
iii) Current Published Information on Standardization (monthly)
iv) EC Norm Scan (Standardization news of E.C.) (quarterly)
v) Standards:Monthly Additions
vi) BIS Handbook
vii) Manakdoot (quarterly Hindi journal)

पुस्तकालय सेवाएँ

समीक्षागत अवधि के दौरान मुख्यालय तथा मुम्बई, कलकत्ता, चण्डीगढ़, मद्रास स्थित 4 क्षेत्रीय कार्यालयों में 14 000 पुस्तकें तथा विदेशी मानक संस्थाओं द्वारा जारी किए गए मानकनुमा प्रलेखों के साथ-साथ मानकीकरण के कार्य में रत विभिन्न प्रतिष्ठित समितियों और विदेशी संगठनों के प्रकाशन और मानक शामिल किए गए।

अद्यतन जानकारी सेवा योजना के अंग के रूप में मुख्यालय स्थित पुस्तकालय ने अपने यहाँ प्रति माह प्राप्त पुस्तकों की सूची "एडीशन्स टू द लाइब्रेरी बुक्स एंड पेम्पलेट्स" शीर्षक के अन्तर्गत जारी की। इस बुलेटिन में यूडीसी से चयन किए गए 120 विषयों संबंधी व्यापक समूहों के अन्तर्गत वर्गीकृत सूचना दी गई।

फिलहाल पुस्तकालय में 425 पत्रिकाएँ प्राप्त होती हैं, जिनके अंक संबद्ध विभागों को नियमित रूप से परिचालित किए जाते हैं, ताकि वे वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी में हुए नवीनतम विकासों से परिचित रहे।

900 व्यक्ति तथा संगठन इस समय पुस्तकालय के विभिन्न वर्गों के सदस्य हैं। व्यापार और उद्योग के प्रतिनिधियों तथा भामा ब्यूरो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 70 000 प्रकाशनों/मानकों को संदर्भ के लिए देखा अथवा इन्हें उनको जारी किया गया।

21 विस्तृत विषय संदर्भिकाएँ तैयार करके और उनकी चुनिंदा संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराकर 7 000 आगन्तुकों को संदर्भ सेवाएँ प्रदान की गयीं। संदर्भ यूनिट ने संदर्भिकाएँ दस्ती तैयार करके मानक बनाने वाले विभागों की पूरी तरह सहायता की। इसने भारतीय व्यापार और उद्योग से प्राप्त 2 200 पूछताछों का समाधान करके उनकी सहायता की।

Library Services

During the period under review, the library, at Headquarters and also at its four Regional Offices at Mumbai, Calcutta, Chandigarh, Madras added to its collection 14 000 books, standards type documents issued by overseas standard bodies as well as publications and standards issued by various learned societies and Foreign Associations engaged in the work of standardization.

As part of its current awareness services, Library at Headquarters published on monthly basis, list of all the books received in the library, under the title 'Additions to the Library Books and Pamphlets'. This bulletin presents information in classified form under 120 broad subject groups, selected from Universal Decimal Classification (UDC).

At present library receives 425 periodicals, current issues of which are regularly circulated to the concerned departments to keep the office abreast of the latest developments in science and technology.

900 individuals and organizations are currently members of the library in various categories. About 70 000 publications/standards were consulted or issued to the representatives of trade and industry and officers and staff of BIS.

Reference services were provided to 7 000 visitors by way of preparing 21 exhaustive subject bibliographies and making available, the reference materials of their choice. The reference unit fully supported the standard making departments by providing the bibliographies prepared manually. It assisted the Indian Trade and Industry by answering nearly 2 200 queries received from them.

प्रशिक्षण सेवाएँ

विदेशी अधिकारियों को प्रशिक्षण

क) अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

दिनांक 11 अक्तूबर से 8 दिसम्बर 1995 तक विकासशील देशों के लिए मानकीकरण एवं गुणता पद्धति के बारे में 28वाँ अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एशिया, अफ्रीका, लैटिन अमरीका और यूरोप के 27 विकासशील देशों से 39 व्यक्तियों ने भाग लिया। इन व्यक्तियों ने कोलम्बो प्लान, विशेष कॉमनवेल्थ अफ्रीका सहायता योजना (स्कैप) एवं भारतीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग (आईटीईसी) नामक भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं के अन्तर्गत भाग लिया। पांच अन्य देशों अर्थात् आर्मेनिया, बोट्सवाना, मोल्दोवा, सेन्टलुसिया एवं यूक्रेन के अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। सउदी अरब के दो अधिकारियों ने कार्यक्रम में स्व–वित्त पोषण योजना के अन्तर्गत भाग लिया।

ख) द्विपक्षीय सहयोग के अन्तर्गत भामा ब्यूरो द्वारा प्रशिक्षण

श्रीलंका मानक संस्थान (एसएलएसआई) के लिए भामा ब्यूरो ने 2 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। श्रीमती पी. तल्गास्वेत राजीव गाँधी गुणता पुरस्कार के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 25 मई से 2 जून 1995 तक भामा ब्यूरो आई तथा श्री बी.एस.पी. मेंडिस, उपमहानिदेशक, आईएसओ 9000 गुणता पद्धतियों और सम्बद्ध मामलों के अध्ययन के लिए 6 से 10 नवम्बर 1995 तक भामा ब्यूरो आए।

बाहर की एजेन्सियों के लिए सामूहिक प्रशिक्षण

रेलवे स्टाफ महा विद्यालय, बड़ौदरा के अनुरोध पर भारतीय रेलवे स्टोर सेवा के 11 प्रोबेशनरों के लिए दिनांक 25 से 29 मार्च 1996 तक चार दिनों तक मानकीकरण में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का पाठ्यक्रम रेलवे स्टाफ महाविद्यालय के परामर्श से बनाया गया।

प्रशिक्षण संस्था

भामा ब्यूरो ने भारतीय उद्योग, सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र को मानकीकरण, गुणता नियंत्रण, गुणता पद्धति इत्यादि में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मानकीकरण एवं गुणता प्रबन्ध की राष्ट्रीय प्रशिक्षण संस्था (एनआईटीएस क्यूएम) स्थापित की है। इस प्रशिक्षण संस्थान को दिल्ली के आसपास स्थापित करने के लिए भूमि प्राप्त करने हेतु सम्बद्ध प्राधिकरणों से बातचीत की जा रही है।

इस प्रशिक्षण संस्था ने गुणता पद्धति के आडिटिंग और प्रलेखन के बारे में अब तक 13 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं और उद्योग तथा सरकारी विभागों के 321 कार्मिकों को गुणता प्रबन्ध के विभिन्न पहलुओं के बारे में प्रशिक्षित किया है।

भामा ब्यूरो के लाइसेंसधारियों और आवेदकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

उद्योग के परीक्षण कार्मिकों के लिए केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद में पैराफिन मोम के परीक्षण के लिए 2 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

TRAINING SERVICES

TRAINING TO OVERSEAS PARTICIPANTS

a) International Training Programme

Twenty-eighth International Training Programme in Standardization and Quality Systems for Developing Countries, was organized from 11 October to 8 December 1995. This programme was attended by 39 participants from 27 developing countries of Asia, Africa, Latin America and Europe. The participants were under the Government of India Fellowship Schemes namely, Colombo Plan, Special Commonwealth African Assistance Plan (SCAAP) and Indian Technical and Economic Cooperation (ITEC). The officers from five new countries namely, Armenia, Botswana, Moldova, St. Lucia and Ukraine also attended the programme. Two participants from Saudi Arabia attended the programme under self-financing scheme.

b) Training by BIS under Bilateral Cooperation

Two training programmes were organized by BIS for Sri Lanka Standards Institution (SLSI). Mrs P. Talgaswate visited BIS from 25 May to 2 June 1995 for training for Rajiv Gandhi National Quality Award and Mr B.S.P. Mendis, Deputy Director General, visited BIS during 6-10 November 1995 for study on ISO 9000 Quality Systems and related matters.

GROUP TRAINING FOR OUTSIDE AGENCIES

At the request of the Railway Staff College, Vadodara, 4 days training programme in standardization for 11 probationers of Indian Railway Store Services was organized from 25-29 March 1996. The programme schedule was designed in consultation with the Railway Staff College.

TRAINING INSTITUTE

Bureau of Indian Standards has set up a National Institute of Training for Standardization and Quality Management (NITSQM) to impart training in the field of Standardization, Quality Control, Quality Systems, etc, to the Indian industry, Government Departments, Public Sector and Service Sector. The matter for the procurement of land for setting up of Training Institute around Delhi is being pursued with appropriate authorities.

So far, Training Institute has conducted 13 Training Programmes on Quality Systems Auditing and Documentation and trained about 321 personnel from Industry and Government Departments in various aspects of Quality Management.

TRAINING PROGRAMME FOR BIS LICENSEES AND APPLICANTS

Two training programmes on Testing of Paraffin Wax were organized in Central Laboratory, Sahibabad for

पूर्वी क्षेत्रीय प्रयोगशाला, कलकत्ता में भी उद्योग के परीक्षण कार्मिकों को इस्पात उत्पादों के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया गया। पूर्वी क्षेत्रीय प्रयोगशाला, कलकत्ता में मैसर्स स्टेटफैड, असम सरकार के परीक्षण कार्मिकों हेतु भी वनस्पति परीक्षण के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

testing personnel from the industry. Training was also imparted to the testing personnel from the industry in the field of steel products in Eastern Regional Laboratory, Calcutta. One training programme was also organized in testing of Vanaspati for testing personnel from M/s Statfed, Government of Assam in Eastern Regional Laboratory, Calcutta.

कंप्यूटरीकरण और कार्यालय स्वचलन

भामा ब्यूरो ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकासों से कदम से कदम मिलाए रखकर अपनी मानकीकरण और प्रमाणन गतिविधियों के बारे में विश्वसनीय सूचना तीव्रता से देने का प्रयास जारी रखा। इस कार्य में वर्तमान सूचना पद्धतियों की मॉनीटरिंग और उनमें सुधार तथा भामा ब्यूरो की विशिष्टताओं की पूर्ति के लिए नए सूचना तंत्रों का विकास करना शामिल है।

कंप्यूटरीकरण एवं स्वचलन सुविधाएँ

भामा ब्यूरो में कंप्यूटरीकरण गतिविधियाँ 1987 में आरम्भ की गईं। वर्तमान सूचना तंत्र में सुधार तथा नवीनतम प्रौद्योगिकी के अनुसार कंप्यूटर तंत्र को समाकलित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि. (ईसीआईएल) ने मुख्यालय तथा क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में समाकलित प्रबन्ध सूचना तंत्र के बारे में अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत की है। मैसर्स सीएमसी लि., ईसीआईएल की इस अध्ययन रिपोर्ट के आधार पर एक कन्सेप्ट डाकूमेंट शीघ्र ही प्रस्तुत करेगा। स्थानिक क्षेत्र एवं व्यापक क्षेत्र नेटवर्क के माध्यम से इस पद्धति के मुख्यालय, क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में लागू होने पर भामा ब्यूरो की गतिविधियों को प्राथमिकता देने और उनका नियमन करने के लिए इस तंत्र पर प्रबन्ध सूचना सदा उपलब्ध रहेगी।

तंत्र विकास एवं आँकड़ा संसाधन

निम्नलिखित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनुप्रयोग के वर्तमान सॉफ्टवेयर पैकेजों में बढ़ोतरी की गई तथा नए सॉफ्टवेयरों का विकास किया गया :

क) वर्ष के दौरान पुस्तकालय सदस्यता सूचना तंत्र का विकास किया गया, जिसमें व्यवहार्यता अध्ययन, डेटा फीडिंग के लिए आँकड़ों का निर्माण एवं सॉफ्टवेयर विकास तथा रिपोर्ट बनाने की पद्धति शामिल है।

ख) क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों के पीसी आधारित एमआईएस पैकेजों में सुधार, ताकि शाखा कार्यालय प्रदान किए गए नए लाइसेंसों के बारे में आँकड़े देने के साथ–साथ स्थिति गत परिवर्तन एवं आय सम्बन्धी आँकड़े भी दे सकें।

ग) राजपत्र अधिसूचना के लिए प्रदान किए गए, गतावधि हुए एवं रद्द किए गए लाइसेंसों की रिपोर्ट देना।

घ) एक ही गतिविधि में पर्याप्त समय से कार्य कर रहे अधिकारियों की सूची तैयार करने के लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया गया, ताकि उनकी सेवाओं का और अधिक उपयुक्त रूप से उपयोग किया ज़ा सके।

बिक्री एवं स्टॉक

वर्ष के दौरान मुख्यालय तथा क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में स्थित भामा ब्यूरो के सभी बिक्री केन्द्रों की बिक्री गतिविधि के कंप्यूटरीकरण को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए गए। इस उद्देश्य के लिए वर्तमान सॉफ्टवेयर पैकेजों को

COMPUTERIZATION AND OFFICE AUTOMATION

BIS continued to make efforts in order to keep pace with the advancement in the field of information technology and providing speedier and reliable information on its standardization and certification activities. The work included monitoring and improvement in the existing information systems and development of new information systems to cater to the specific needs of BIS.

COMPUTERIZATION AND AUTOMATION FACILITIES

Computerization activity in BIS was started in 1987. For improvement of existing information system and to integrate computer systems as per latest technology Electronics Corporation of India Limited (ECIL) had submitted a study report on integrated management information system at Headquarters, Regional and Branch Offices. M/s CMC Ltd would be submitting very shortly a concept Document which is based on the above ECIL study report. On implementation of the system both at Headquarters, Regional and Branch Offices through local area and wide area network, the management information would be available on line to prioritize and control the activities of BIS.

DEVELOPMENT OF SYSTEMS AND DATA PROCESSING

The existing application software packages were augmented and new application software developed to cater to the following requirements:

a) Library membership information system was developed during the year which included the feasibility study, data base designing and software development for data feeding and report generation.

b) Modification in PC based MIS package for Regional Offices/Branch Offices so that the Branch Offices may send the data on new licences granted apart from status change and income data.

c) To generate reports regarding licences granted, licences lapsed and licences cancelled for gazette notification.

d) Software was developed to generate a list of officers who are in the same activity continuously over a period of time with a view to utilise their services in more appropriate manner.

SALES AND INVENTORY

During the year steps were taken to put sales activity at BIS Headquarters and all sales points at Regional and Branch Offices on computer system. For this purpose information has been collected from the various

काम में लेने में आ रही दिक्कतों के बारे में सभी बिक्री केन्द्रों से सूचना प्राप्त की गई और उसका विश्लेषण किया जा रहा है।

मानकों के पूरे पाठ इलैक्ट्रोनी संग्रहण और उसे पुनः प्राप्त करने की पद्धति

विकसित देशों में मानक निर्धारण के लिए अपनायी गयी प्रक्रिया के अनुसार भा मा ब्यूरो ने मानकों के पूरे पाठ के इलैक्ट्रोनी संग्रहण और उसे पुनः प्राप्त करने की पद्धति का मूल्यांकन करने का निर्णय लिया है। इस उद्देश्य के लिए दरें आमंत्रित की गयीं और उनका इस परियोजना के लिए गठित विशेषज्ञ समिति द्वारा विश्लेषण एवं मूल्यांकन किया जा रहा है। इस परियोजना के लागू होने पर मुद्रित मानकों के भौतिक स्टॉक में कमी आयेगी, जिससे बहुमूल्य स्थान की बचत होने के साथ-साथ साफ-सुथरे वातावरण का भी सृजन होगा।

फैक्स मशीन

वर्ष के दौरान पांच फैक्स मशीनें खरीदी गईं और भा मा ब्यूरो के मुख्यालय नई दिल्ली, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, कलकत्ता, उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़, दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालय, मद्रास तथा पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई में लगाई गईं।

sales points in regard to the difficulties experienced in the operation of the existing software package and is being analysed further.

ELECTRONIC STORAGE AND RETRIEVAL SYSTEM FOR FULL TEXT OF STANDARDS

As per the practice followed in standards formulation in the advanced countries, BIS decided to evaluate the system for electronic storage and retrieval for full text of standards. For this purpose quotations were invited and the same are in the process of analysis and evaluation by the expert committee constituted for this project. On implementation, this project will help in reducing the inventory of printed standards and result in saving of precious space and also provide a cleaner environment.

FAX MACHINES

During the year, 5 Fax Machines were purchased and were installed each at Headquarters, New Delhi, Eastern Regional Office, Calcutta, Northern Regional Office, Chandigarh, Southern Regional Office, Madras, and Western Regional Office, Mumbai.

उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ

भामा ब्यूरो ने दूरदर्शन, रेडियो, समाचार पत्रों और संचार के अन्य साधनों के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता का प्रसार करने के प्रयास जारी रखे। आम उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने और सेमीनार, वर्कशाप, सम्मेलन तथा प्रदर्शनियाँ आयोजित करके अथवा उनमें भागीदारी द्वारा उन्हें और अधिक जागरूक बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्ष के दौरान उपभोक्ता नीति सलाहकार समिति का पुनगर्ठन किया गया। भामा ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों ने उपभोक्ता कल्याण निधि और केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद्, जो आम उपभोक्ताओं को संरक्षण देने वाली देश की सर्वोच्च संस्था है, की बैठक में भाग लिया।

भारतीय मानकों का निर्धारण करने वाली तकनीकी समितियों में उपभोक्ता संगठनों की भागीदारी को और अधिक बढ़ाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं।

उपभोक्ता जागरूकता

भामा ब्यूरो ने उपभोक्ता संगठनों के पदाधिकारियों और विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों एवं शिक्षकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये। ऐसे कार्यक्रमों के दौरान भाग लेने वालों को विभिन्न गुणता नियंत्रण आदेशों, आईएसआई मुहर के दुरुपयोग के लिए दण्ड, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 एवं उपभोक्ता शिकायत निवारण पद्धति के बारे में जानकारी दी गयी। वर्ष के दौरान देश भर में ऐसे 29 कार्यक्रम आयोजित किये गये (चित्र 5 देखें)।

उपभोक्ता दिवस

15 मार्च 1996 को विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर भामा ब्यूरो एवं पावर मंत्रालय के ऊर्जा प्रबंध केन्द्र द्वारा 'ऊर्जा दक्षता एवं उपभोक्ता कल्याण' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह का उद्घाटन माननीय नागरिक पूर्ति राज्य मंत्री श्रीमती कृष्णा साही ने किया। श्री पी.एस. दास, अपर महानिदेशक, भामा ब्यूरो ने प्रतिष्ठित सहभागियों का स्वागत किया। डॉ भास्कर नटराजन, निदेशक, ऊर्जा प्रबंध केन्द्र ने तकनीकी सत्र की अध्यक्षता की। तकनीकी सत्र के दौरान सहभागियों का ध्यान ऊर्जा संरक्षण द्वारा ऊर्जा की समस्या को हल करने की ओर आकर्षित किया गया।

साहित्य

उपभोक्ता दिवस कार्यक्रम के दौरान माननीय नागरिक पूर्ति राज्य मंत्री, श्रीमती कृष्णा साही ने "भामा ब्यूरो और उपभोक्ता" विषय पर एक ब्रोशर जारी किया। इस पुस्तिका में आम उपभोक्ताओं को भामा ब्यूरो एवं इसकी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई है।

"अनिवार्य प्रमाणन" विषय पर वर्तमान ब्रोशर का पुनरीक्षण करके उसे छपाई के लिए भेजा गया। वर्ष के दौरान "भामा ब्यूरो और उपभोक्ता संगठन – उपभोक्ता कल्याण के भागीदार" विषय पर एक लेख तैयार करके उसे "वॉयस" नामक स्मारिका में प्रकाशन के लिए भेजा गया।

CONSUMER RELATED ACTIVITIES

BIS continued its efforts to spread consumer awareness through TV, Radio, Newspapers and other means of communications. It's endeavour to educate common consumers and to increase awareness regarding BIS activities continued by way of organizing/participating in seminars/workshops/conferences and exhibitions.

The Consumer Policy Advisory Committee was reconstituted during the year. Meetings of Consumer Welfare Fund and Central Consumer Protection Council, the apex authority providing protection to common consumers in the country, were attended by senior officers of BIS.

Efforts are also being made to increase participation of Consumer Organizations in the Technical Committees for formulation of Indian Standards.

Consumer Education

BIS conducted awareness programmes for office bearers of consumer organizations and for students and the faculty of schools and colleges. During such programmes, participants were informed about various Quality Control Orders, Penalities for misuse of ISI Mark, Consumer Protection Act 1986, and Consumer Grievances Redressal Mechanism. 29 such programmes, spread across the country, were conducted during the year (*see* Fig. 5).

Consumer Day

On the occasion of World Consumer Day on 15 March 1996, an Awareness Programme on the theme of 'Energy Efficiency & Consumer Welfare' was organized by BIS and Energy Management Centre, Ministry of Power. The function was inaugurated by the Hon'ble Minister of State for Civil Supplies, Smt Krishna Sahi. Shri P.S. Das, Additional Director General, BIS welcomed the distinguished delegates. Dr Bhaskar Natarajan, Director, Energy Management Centre, chaired the Technical Session. During the technical session, attention of the participants was focussed on ways to tackle the energy problem through energy conservation.

Literature

A brochure titled 'BIS and Consumer' was released by the Hon'ble Minister of State for Civil Supplies, Smt Krishna Sahi, during the Consumer Day programme. The booklet provides information to common consumers about BIS and its activities.

An existing brochure on 'Mandatory Certification' was revised and sent for printing. During the year, an article titled 'BIS and Consumer Organization - Partners in Consumer Welfare' was sent for publication in commemorative issue of 'VOICE' magazine.

विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लिए आयोजित उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम
Consumer Awareness Programme for Schools & Colleges



इस्पात पाइपों और ट्यूबों के क्रेताओं और विक्रेताओं की बैठक
Buyer Seller Meet on Steel Pipes & Tubes

मानकीकरण और गुणता पद्धति पर आयोजित 28वां अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम
28th International Training Programme in Standardization and Quality Systems

भा मा ब्यूरो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मानक भवन के द्वार पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के सहभागी
Participants of International Training Programme with senior BIS officials at the gate of Manak Bhawan

उपभोक्ता संगठनों को मान्यता प्रदान करना

भामा ब्यूरो (उपभोक्ता संघों को मान्यता) अधिनियम के अंतर्गत भामा ब्यूरो नियम 1991 के अनुसार एक उपभोक्ता संगठन को मान्यता प्रदान की गयी। इस अवधि के दौरान तीन अन्य उपभोक्ता संगठनों के आवेदनों की जाँच की गई और उन्हें गान्यता प्रदान करने हेतु मंत्रालय को भेजा गया।

जन शिकायत

वर्ष के दौरान भामा ब्यूरो द्वारा प्रमाणित उत्पादों के बारे में उपभोक्ताओं से प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान देना जारी रखा गया। जन शिकायतों के बारे में एक आंकड़ा आधार का रखरखाव किया जा रहा है तथा सभी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में प्राप्त शिकायतों की स्थिति संबंधी मासिक रिपोर्ट तैयार करने के लिए उसका नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है, जिससे उनकी पुनरीक्षा की जा सके। शिकायतों की नियमित पुनरीक्षा एवं मॉनीटरिंग के कारण लंबित शिकायतों की संख्या में पर्याप्त कमी आई है (चित्र 6 देखें)।

उपभोक्ता संबंधी अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भामा ब्यूरो उपभोक्ता नीति संबंधी आईएसओ/आईईसी परिषदों की समिति, कोपोलको, से सम्पर्क रखता है। बीजिंग में दिनांक 29 से 31 मई 1995 तक आयोजित कोपोलको की सतरहवीं बैठक में श्री वी. के. कपूर, निदेशक, उपभोक्ता मामले ने भामा ब्यूरो का प्रतिनिधित्व किया। इस बैठक में भामा ब्यूरो द्वारा प्रकाशित "मानकीकरण – उपभोक्ताओं को लाभ" विषय पर उपभोक्ता को जागरूक बनाने संबंधी ब्रोशर की सराहना की गयी और बाद में उनके अनुरोध पर इसे सभी सदस्यों को उपलब्ध कराया गया।

Recognition to Consumer Organization

Recognition to one Consumer Organization has been granted under the BIS Act in accordance with the BIS Rules (Recognition of Consumers' Association) 1991. The applications of three more consumer organizations were processed and forwarded to the Ministry, during this period, for granting recognition.

Public Grievances

Complaints regarding BIS certified products received from consumers during the year, continued to draw close attention. A data bank on public grievance is being maintained and regularly updated to provide monthly Status Report on complaints for all Regional/Branch Offices for review. On account of the regular review and monitoring of complaints, there has been a significant decline in the number of pending complaints (*see* Fig. 6).

International Consumer Related Activities

At the international level, BIS interacts with COPOLCO, ISO/IEC Council Committee on Consumer Policy. BIS was represented by Shri V.K. Kapoor, Director, Consumer Affairs at the Seventeenth Meeting of COPOLCO held in Beijing from 29 to 31 May 1995. The Consumer Education Brochure 'Standardization - Benefits to Consumers' brought out by BIS was appreciated in the meeting and was subsequently circulated to all the members, as requested by them.

आकृति 5 आयोजित उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रमों की संख्या

Fig. 5 Number of Consumer Awareness Programmes Organised



आकृति 6 31 मार्च को लम्बित शिकायतों की संख्या

Fig. 6 Number of Complaints Pending as on 31st March



श्रेत्रीय, शाखा और निरीक्षण कार्यालय

भामा ब्यूरो का देश भर में फैले 5 श्रेत्रीय, 14 शाखा तथा 8 निरीक्षण कार्यालयों का नेटवर्क इच्छुक उपभोक्ताओं को न केवल स्थानिक सेवा उपलब्ध कराता है, बल्कि मानकीकरण, उत्पाद प्रमाणन मुहर (आई एस आई मुहर) और गुणता पद्धति प्रमाणन क्रियाकलापों की उपयोगिता और महत्व के प्रति जागरूकता भी पैदा करता है। इसके अतिरिक्त यह मानक मुहर लगी वस्तुओं के बारे में ग्राहकों द्वारा की गई शिकायतों पर तुरन्त कार्यवाही करता है। इस नेटवर्क के बारे में एक महत्वपूर्ण विकास यह हुआ है कि अगले वित्त वर्ष में पुणे और नागपुर निरीक्षण कार्यालयों को शाखा कार्यालयों में बदलने का निर्णय लिया गया है। नये कार्यालय आसपास के क्षेत्रों के लोगों को मानक संवर्धन, प्रमाणन मुहरांकन तथा तकनीकी सूचना ज्यादा बेहतर ढंग से दे सकेंगे।

यह महसूस करते हुए कि जिन उद्योगों की सेवा बडोदरा निरीक्षण कार्यालय से की जाती है, वे भा मा ब्यूरो के अहमदाबाद शाखा कार्यालय से ज्यादा दूर नहीं हैं, बडोदरा निरीक्षण कार्यालय बंद कर दिया गया है।

भामा ब्यूरो के इस नेटवर्क का उपयोग करते हुए कई बाजार सर्वेक्षण किए गए, जिनके दौरान विभिन्न निर्माता यूनिटों/उद्योगों द्वारा आई एस आई मुहर के दुरूपयोग के बारे में सूचना एकत्रित की गई और उपभोक्ताओं/व्यापारियों को मानक मुहर लगी वस्तुओं से होने वाले फायदे की जानकारी दी गई।

ऐसे सर्वेक्षण के दौरान नकली मुहर वाली वस्तुओं के नमूने आगे की कार्यवाही के लिए एकत्रित किए गए। मानक मुहर के दुरूपयोग की शिकायत मिलने पर अपेक्षित सूचना एकत्रित कर निरीक्षण अधिकारियों द्वारा तलाशी और जब्ती अभियान चलाया गया। मानक मुहर के दुरूपयोग की दोषी पाई कई यूनिटों के विरूद्ध अभियोग और कानूनी कार्रवाई आरम्भ की गयी।

उपभोक्ता संरक्षण क्रियाकलापों को बढ़ाने हेतु लाइसेंसधारियों के साथ कई पुनरीक्षण बैठकें, उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम, गुणता पद्धति कार्यक्रम, मानकों के शैक्षिक उपयोग कार्यक्रम और मानकीकरण एवं गुणता पद्धति की राज्य स्तरीय समितियों की बैठकें आयोजित की गयीं।

बंगलौर शाखा कार्यालय ने अपनी अन्य गतिविधियों के अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिकी और दूरसंचार के क्षेत्र के विशेषज्ञों के सहयोग से मानक बनाने का कार्य करना जारी रखा।

वर्ष के दौरान भा मा ब्यूरो के क्षेत्रीय, शाखा और निरीक्षण कार्यालयों द्वारा इसकी विभिन्न गतिविधियों के लक्ष्य प्राप्त करने में दिया गया योगदान इस रिपोर्ट के संबंधित शीर्ष के अन्तर्गत दिया गया है।

REGIONAL, BRANCH AND INSPECTION OFFICES

The BIS network consisting of 5 Regional, 14 Branch and 8 Inspection Offices spread throughout the country, not only provides on-the-spot services to intended users but also generates increased awareness about the importance and utility of standardization, Product Certification (ISI mark) and Quality Systems Certification activities. In addition, it also provides quick redressal to consumer complaints relating to Standard marked goods. An important development pertaining to this network was the decision taken to upgrade Pune and Nagpur Inspection Offices into Branch Offices in the next financial year. The new offices will be in a position to make available greatly enlarged services in the areas of standards promotion, certification marking and dissemination of technical information to their clients in the nearby areas.

Realising that distances of the industries served from Vadodara Inspection Office was not much from Ahmedabad where BIS has a Branch Office, Vadodara Inspection Office was closed.

Using this network of BIS Offices, a number of market surveys were carried out covering important local markets for collecting information regarding misuse of ISI Mark by various manufacturing units/industries and educating the consumers/traders about the benefits of using goods with Standard Mark.

During such market surveys samples of spuriously marked materials were collected for further action. On receiving complaints regarding misuse of Standard Mark, search and seizure operations were conducted at a number of places by the inspecting officers after collecting required information. Prosecution and legal actions were initiated against the units found to have misused the Standard Mark.

A number of review meetings with licensees, consumer awareness programmes, quality systems programmes, programmes on educational utilization of standards and meetings of State Level Committees for Standardization and Quality Systems were also conducted to step up the consumer protection activities.

The Bangalore Branch Office, apart from its other activities, continued discharging additional responsibility of standards formulation activity pertaining to electronics and telecommunications with active participation of expertise available in the area.

The contributions made by Regional, Branch and Inspection Offices during the year towards the achievement of goals for various activities of BIS are covered under respective heads in this report.

अन्तर्राष्ट्रीय गतिविधियां

भा मा ब्यूरो ने अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) और अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग (आईईसी) की विभिन्न तकनीकी एवं नीति निर्माता समितियों की बैठकों में भाग लेना जारी रखा और अन्य देशों के राष्ट्रीय मानक निकायों एवं यूरोपीय संघ के साथ द्विपक्षीय सम्पर्क को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में भी प्रयास किये।

अन्तर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ)

आईएसओ की नीति निर्माता समितियों में से भारतीय प्रतिनिधि मण्डलों ने आईएसओ परिषद, सीओपी ओएल सीओ (कोपोल्को), आईएनएफसीओ (इन्फको) और डीईवीसीओ (डेवको) की बैठकों में भाग लिया।

श्री एन.एस. चौधरी, महानिदेशक, भा मा ब्यूरो ने जेनेवा में 8 से 9 जून 1995 तक और 15 सितंबर 1995 को आयोजित आईएसओ परिषद की क्रमशः इक्यावनवी (51वीं) और बावनवी (52वीं) बैठक में भामा ब्यूरो के एक सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के रूप में भाग लिया। आईएसओ की क्यूएसएआर दीर्घ–कालिक कार्यपद्धति के दस्तावेज परिषद की इन बैठकों की मुख्य विशेषता थी। दस्तावेजों पर विचार–विमर्श कर यह निर्णय लिया गया कि इस पर और अधिक विचार–आमंत्रित किए जाएं। प्रथम क्यूएसएआर बोर्ड का भी गठन किया गया जिसमें एक अध्यक्ष (चेयरमैन) और मान्यता प्रदान करने वाली तीनों संस्थाओं, प्रमाणन/पंजीकरण संगठनों, आपूर्ति और खरीद संगठन से एक–एक प्रतिनिधि शामिल होंगे।

जेनेवा में 10 सितंबर को क्षेत्रीय सम्पर्क अधिकारियों (आरएलओ), 11 से 12 सितंबर को डेवको और 13 से 14 सितंबर 1995 तक महासभा की बैठकें हुईं। इन बैठकों में श्री एन.एस. चौधरी, महानिदेशक, भा मा ब्यूरो ने भाग लिया।

श्री एन.एस. चौधरी, महानिदेशक, भामा ब्यूरो ने दक्षिण एशिया और ईरान क्षेत्र के सम्पर्क अधिकारी के रूप में 22 से 24 मई 1995 तक नेपाल का दौरा किया जिसके दौरान उन्होने उन्हें आईएसओ के विभिन्न विकास कार्यक्रमों से परिचित कराया और उनसे आईएसओ संगठन के सदस्य अथवा अन्यथा रूप में आने वाली अड़चनों को दूर करने के लिए फीडबैक प्राप्त किया।

जेनेवा में 4 से 9 सितंबर 1995 तक आयोजित सूचना समिति कार्यशाला और आईएनएफसीओ बैठक में श्री जे.सी. गेरा, निदेशक (तकनीकी सूचना सेवा) भा मा ब्यूरो एक–सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने भाग लिया।

आईएसओ तकनीकी समितियों और उपसमितियों के सदस्य सचिवों के लिए जेनेवा में पुनरीक्षित आईएसओ/आईईसी निर्देश भाग–1 के कार्यान्वयन हेतु एक कार्यशाला संपन्न हुई। 29 से 30 जून 1995 को आयोजित इस कार्यशाला में श्री वाई.आर. तनेजा, उपमहानिदेशक, भा मा ब्यूरो ने भाग लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग (आईईसी)

श्री जे.एस. राजू, महानिदेशक, मानकीकरण, परीक्षण और गुणता नियंत्रण (एसटीक्यूसी), इलैक्ट्रॉनिकी विभाग और श्री पी.एस. दास, अपर महानिदेशक, भामा ब्यूरो ने डर्बन में 22 से 27 अक्तूबर 1995 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग की महासभा में भाग लिया।

INTERNATIONAL ACTIVITIES

BIS continued to participate in the various technical and policy making committees of International Organization for Standardization (ISO) and International Electrotechnical Commission (IEC). It also made efforts for further strengthening the bilateral relations with other national standards bodies and the European Union.

INTERNATIONAL ORGANIZATION FOR STANDARDIZATION (ISO)

Amongst the policy making committees of ISO, the ISO Council, COPOLCO, INFCO and DEVCO meetings were attended by Indian delegations.

A one-member Indian delegation comprising Shri N.S. Choudhary, Director General, BIS, attended the 51st and 52nd ISO Council meetings held during 8-9 June 1995 and 15 September 1995 respectively at Geneva. The significant features of these Council meetings were the QSAR Long-Range Strategies document being brought out by ISO. Deliberating upon the document, it was decided to seek more views on the same. Also, the first QSAR board was formed with a chairman and three each of accreditation bodies, certification/registration bodies, suppliers and purchasers.

The meeting of Regional Liaison Officers (RLO) was held at Geneva on 10 September , DEVCO from 11 to 12 September, General Assembly from 13 to 14 September 1995 which were attended by Shri N.S. Choudhary, Director General, BIS.

Shri N.S. Choudhary, Director General, BIS as Regional Liaison Officer of South Asia and Iran Region visited Nepal from 22 to 24 May 1995 to apprise them of the various developmental programmes of ISO and their feedback regarding any problems encountered by them otherwise or as a member body of ISO.

The Information Committee Workshop and the INFCO meeting which were held in Geneva from 4 to 9 September 1995 were also attended by a one member Indian delegation comprising Shri J.C. Gera, Director (Technical Information Services), BIS.

A Workshop for Implementation of Revised ISO/IEC directives, Part I, was held in Geneva for the member secretaries of ISO Technical Committees and subcommittees. Shri Y.R. Taneja, Deputy Director General, BIS attended this workshop on 29-30 June 1995.

INTERNATIONAL ELECTROTECHNICAL COMMISSION (IEC)

Shri J.S. Raju, Director General, Standardization, Testing and Quality Control (STQC), Department of Electronics and Shri P.S. Das, Additional Director General, BIS attended the IEC General Meetings from 22-27 October 1995 in Durban. Besides, various technical committees,

विभिन्न तकनीकी समितियों के अतिरिक्त कार्रवाई समिति और परिषद की बैठकें भी आयोजित की गईं।

प्रमाणन निकायों की आईईसीईई समिति (सीसीबी) और प्रबंध समिति (एमसी)

प्रमाणन निकायों की आईईसीईई समिति (सीसीबी) और प्रबंधन समिति (एमसी) की बैठकें 25 से 29 सितंबर, 1995 तक फ्रैंकफर्ट जर्मनी में आयोजित की गयी। बैठकों में भारतीय प्रतिनिधिमण्डल के रूप में श्री जे.एस. राजू, महानिदेशक, मानकीकरण, परीक्षण और गुणता नियंत्रण (एसटीक्यूसी), इलेक्ट्रॉनिकी विभाग, भारत सरकार और श्री आर.के. मोंगा, निदेशक (विद्युत तकनीकी), भामा ब्यूरो ने भाग लिया।

ग्यारह और आईईसी मानकों का विषयों में समावेश और भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रीय प्रमाणन निकाय के रूप में भामा ब्यूरो द्वारा सी.बी. प्रमाणपत्रों का स्वीकरण इन बैठकों की मुख्य विशेषता थी। इस बैठक में सुरक्षा मानकों से सम्बन्धित परीक्षण परिणामों को परस्पर मान्यता देने की योजना को अंतिम रूप दिया गया और उसे अपनाने के लिए प्रबंध समिति को सिफारिश की गयी।

इलेक्ट्रॉनी संघटकों के लिए आईईसी गुणता मूल्यांकन पद्धति (आईईसीक्यू)

इलेक्ट्रॉनी संघटकों के लिए आईईसी गुणता मूल्यांकन पद्धति (आईईसीक्यू) एक अन्तरराष्ट्रीय योजना है जिसे आईईसी प्रचालित करती है। इस प्रमाणन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सम्बद्ध विशिष्टियों के अनुरूप अनुमोदित संघटकों का बिना आगे निरीक्षण किए उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय रूप से स्वीकार किया जा सकता है।

भारत के आईईसीक्यू पद्धति में 1981 में शामिल होते ही भामा ब्यूरो ने राष्ट्रीय मानक संगठन (एनएसओ) और राष्ट्रीय प्राधिकृत संस्थान (एनएआई) के रूप में कार्य करना आरंभ कर दिया। भारत अप्रैल, 1989 में प्रमाणक सदस्य बना। अब तक 28 निर्माताओं, 4 प्रयोगशालाओं और एक वितरक को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

आईईसीईई सीबी योजना

घरों, कार्यालयों, कार्यशालाओं और ऐसे ही स्थानों में सामान्यतया प्रयुक्त होने वाले विद्युत उपकरणों के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग (आईईसी) द्वारा एक अन्तर्राष्ट्रीय योजना प्रचालित की जा रही है। विद्युत उपस्करों की सुरक्षा के मानकों के प्रति अनुरूपता परीक्षण की आईईसी पद्धति, जिसे आईईसीईईसीबी योजना के नाम से जाना जाता है, राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन अथवा अनुमोदन प्राप्त करने के लिए परीक्षण परिणामों के पारस्परिक स्वीकरण के सिद्धान्त पर आधारित है।

राष्ट्रीय प्रमाणक निकाय (एनसीबी) और सीबी परीक्षण प्रयोगशालाएं सीबी योजना को चलाने वाली इकाइयां हैं। आईईसीईई प्रबंध समिति द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ टीम इन इकाइयों को विस्तृत मूल्यांकन के बाद ही स्वीकृति देती है। सीबी परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त संतोषजनक परीक्षण परिणामों के आधार पर एनसीबी उन निर्माताओं को सीबी प्रमाण पत्र जारी कर सकती है, जो इस बात का प्राधिकारिक प्रमाण प्रस्तुत करें कि उत्पाद के नमूने

the meetings for committee of action and the council were also held.

IECEE COMMITTEE ON CERTIFICATION BODIES (CCB) AND MANAGEMENT COMMITTEE (MC)

The IECEE Committee on Certification Bodies (CCB) and Management Committee (MC) meetings were held in Frankfurt, Germany from 25-29 September 1995. The Indian delegation comprising Shri J.S. Raju, Director General, Standardization, Testing and Quality Control (STQC), Department of Electronics, Government of India and Shri R.K. Monga, Director (Electrotechnical), BIS attended these meetings.

The salient features of these meetings were inclusion of 11 more IEC standards in the issue and acceptance of CB certificates by BIS as National Certifying Body representing India. In this meeting, the new scheme for mutual recognition of test results for testing to safety standards was finalized and recommended to Management Committee for adoption.

IEC QUALITY ASSESSMENT SYSTEM FOR ELECTRONIC COMPONENTS (IECQ)

IEC Quality Assessment System for Electronic Components (IECQ) is an international scheme being operated by IEC. This certification entails that components approved as per relevant specifications can be accepted internationally, without the need for further inspection.

India joined IECQ System in 1981 with BIS assuming the role of both the National Standards Organization (NSO) and National Authorized Institution (NAI). India became a certifying member in April 1989. So far approvals have been granted to 28 manufacturers, 4 laboratories and 1 distributor.

IECEE CB SCHEME

To facilitate International trade in electrical equipment, normally used in homes, offices, workshops and similar locations, an international scheme is being operated by International Electrotechnical Commission (IEC). The IEC System for Conformity Testing to Standards for Safety of Electrical Equipment known as IECEE CB Scheme is based on the principle of mutual recognition, by its members, of test results for obtaining certification or approval at national level.

The operating units of the CB Scheme are National Certifying Bodies (NCBs) and CB Testing Laboratories which are accepted after a detailed assessment by a team of experts appointed by IECEE Management Committee. Based on satisfactory test results obtained at the CB test laboratory, the NCB can issue CB certificates to manufacturers providing authoritative evidence that

परीक्षण में सफल रहे हैं और उन्होने आईईसी के सम्बद्ध मानकों का अनुपालन किया है। ये प्रमाण पत्र सीबी योजना में सहभागी 32 सदस्य देशों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन अथवा अनुमोदन प्राप्त करने के लिए मान्य होंगे।

भारत में भामा ब्यूरो प्रमाण–पत्र जारी और स्वीकार करने वाला राष्ट्रीय प्रमाणिक निकाय (एनसीबी) है। आज तक एक निर्माता को सीबी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।

आईईसी महासभा की बैठकें 1997

सन 1997 में होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय विद्युत तकनीकी आयोग की महासभा की बैठकों की तैयारी से स्वयं को परिचित करने के लिए श्रीमती ए.जे. स्किनेर, सामान्य सेवा प्रबंधक और श्री ए.एम. रेबर्न, महासचिव, आईईसी ने क्रमश 20 से 29 मार्च 1996 और 25 से 28 मार्च 1996 तक भामा ब्यूरो का दौरा किया। बैठकें भारत द्वारा नई दिल्ली में आयोजित की जाएंगी। इन बैठकों को आयोजित करने के लिए भामा ब्यूरो और आईईसी ने समझौता किया है। इन बैठकों के स्थान का अनुमोदन आईईसी द्वारा किया गया था।

आईएसओ/आईईसी तकनीकी समितियां/उपसमितियां

भारतीय मानक ब्यूरो के प्रतिनिधिमण्डल ने आईएसओ और आईईसी की तकनीकी समितियों/उपसमितियों की चुनिंदा बैठकों में भाग लिया। इनके बारे में विवरण सारिणी 4 में दिया गया है।

representative specimens of the product have successfully passed the test and complied with relevant IEC standards which will be acceptable for obtaining certification or approval at National level in 32 member countries participating in the CB Scheme.

In India BIS is the recognized issuing and recognizing National Certifying Body (NCB). Till date one manufacturer has been granted CB certificate.

IEC GENERAL MEETINGS 1997

Mrs A.J. Skinner, General Services Manager and Mr A.M. Raeburn, General Secretary of IEC visited BIS during 20 to 29 March 1996 and 25 to 28 March 1996 respectively to acquaint themselves of the preparations going on for the IEC General Meetings to be held in 1997, being hosted by India in New Delhi. An agreement was signed between BIS and IEC for hosting of these meetings. The venue for these meetings was approved by the IEC.

ISO/IEC TECHNICAL COMMITTEES/ SUBCOMMITTEES

BIS delegations participated in selected ISO and IEC technical committees/subcommittees meetings. Details of these are given in Table 4.

सारिणी 4 आईएसओ और आईईसी की चुनिंदा तकनीकी समितियों/उपसमितियों की बैठकों में भाग लेने वाले भामा ब्यूरो के प्रतिनिधि मण्डल

TABLE 4 BIS DELEGATION PARTICIPATED IN SELECTED ISO AND IEC TECHNICAL COMMITTEES/SUBCOMMITTEES MEETINGS

नाम Name	समिति Committee	स्थान Venue	दिनांक Date
श्री वी.के. सहगल निदेशक, भामा ब्यूरो Shri V.K. Sehgal Director, BIS	आईएसओ/टीसी 104 ISO/TC 104	हेमबर्ग Hamburg	19 से 23 जून 1995 19-23 June 1995
श्री पी.पी. मलिक अपर निदेशक, भामा ब्यूरो Shri P.P. Malik Additional Director, BIS	आईएसओ/टीसी 207 ISO/TC 207	ओसलो नार्वे Oslo Norway	28 जून से 1 जुलाई 1995 28 June–1 July 1995
श्रीगति बिंदु मेहता उप निदेशक, भामा ब्यूरो Smt. Bindu Mehta Deputy Director, BIS	आईएसओ/टीसी 69 और इसकी उपसमितियाँ ISO/TC 69 and its Subcommittees	वाशिंगटन Washington	24 से 29 सितम्बर 1995 24-29 September 1995
श्री जे.आर. मेहता निदेशक, भामा ब्यूरो Shri J.R. Mehta Director, BIS	आईएसओ/टीसी 113/एससी1 ISO/TC 113/SC 1	लन्दन London	9 से 10 अक्तूबर 1995 9-10 October 1995
श्री एस.एम. भाटिया निदेशक, भामा ब्यूरो Shri S.M. Bhatia Director, BIS	आईएसओ/टीसी 122 और इसकी उपसमितियाँ ISO/TC 122 and its Subcommittees	कैलीफोर्निया California	16 से 20 अक्तूबर 1995 16-20 October 1995
श्री पी.एस. दास अपर महानिदेशक, भामा ब्यूरो Shri P.S. Das Additional Director General, BIS	आईएसओ/टीसी 176 ISO/TC 176	डर्बन Durban	28 अक्तूबर से 4 नवम्बर 1995 28 October-4 November 1995

भारत–ईईसी सहयोग कार्यक्रम

कैम्पडेन और क़ोरलीवुड फूड एंड रिसर्च एसोसिएशन (सीसीएफआरए), यू.के. जो भारत–ईईसी सहयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत हमारे परामर्शदाता हैं, के विशेषज्ञों ने वर्ष के दौरान केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद का तीन बार (मई 1995, अक्तूबर/नवंबर 1995 और फरवरी 1996) में दौरा किया तथा खाद्य प्रयोगशाला में गुणता पद्धति कार्यान्वयन और इसमें लागू विश्लेषणात्मक तकनीक में पूर्ण सुधार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

सीईबीईसी पंजीकृत प्रयोगशाला, बेल्जियम और डीईएमसीओ, डेन्मार्क के दो विशेषज्ञों ने फरवरी 1996 में केन्द्रीय प्रयोगशाला, साहिबाबाद का दौरा किया और विद्युत प्रयोगशाला में गुणता पद्धति में सुधार लाने और हमारी परीक्षण तथा माप तकनीकों को आईईसी मानकों के अनुरूप बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

श्री ई. कैपरिस, कन्सलटेन्ट भारत–ईईसी सहयोग कार्यक्रम ने सितंबर 1995 में भामा ब्यूरो का दौरा किया जिसके दौरान उन्होंने उन्नयन कार्यक्रम के समापन के बारे में विचार विमर्श किया। वे दूसरी बार भामा ब्यूरो के दौरे पर नवंबर 1995 में आये, जिसके दौरान उन्होने अपेक्षित उपकरणों के संस्थापन के लिए विभिन्न प्रयोगशालाओं की उपलब्धियों के बारे में विचार–विमर्श किया।

द्विपक्षीय सहयोग

भारतीय प्रतिनिधिमण्डल के रूप में श्री एन.एस. चौधरी, महानिदेशक, भामा ब्यूरो और डॉ. बी.एस. माथुर, उपनिदेशक, राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला (एनपीएल) ने 9 से 11 अक्तूबर 1995 के दौरान गोस्टैंडार्ट, मास्को का दौरा कर मानकीकरण, माप विज्ञान और गुणता आश्वासन के उप कार्यकारी दल की दूसरी बैठक में भाग लिया। इस बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय, विशेषत: माप–विज्ञान के क्षेत्र में, लिए गए। बैठक में वर्ष 1996–97 के लिए माप विज्ञान के 11 क्षेत्रों में कार्य–योजना को अंतिम रूप दिया गया।

श्री पान बीक्विंग, निदेशक, राष्ट्रीय माप–विज्ञान संस्थान, चीन के नेतृत्व में चीन का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल भामा ब्यूरो और स्टेट ब्यूरो ऑफ टेक्नीकल सुपरविजन (एसबीटीएस) चीन के बीच हुए समझौते पर आगे विचार–विमर्श करने के लिए दिनांक 19 दिसम्बर 1995 को भामा ब्यूरो आया।

श्री एन.एस. चौधरी, महानिदेशक, भामा ब्यूरो ने भामा ब्यूरो और ईजराईल मानक संस्था (एसआईआई) के बीच हुए समझौते पर विचार–विमर्श के लिए ईजराईल मानक संस्था का 5 से 6 जून 1995 तक दौरा किया। श्री पी.एस. दास, अपर महानिदेशक, भामा ब्यूरो ने भामा ब्यूरो और एसआईआई के बीच हुए एमओयू पर बातचीत के लिए 28 से 29 जनवरी 1996 जेरूसलीम में आयोजित भारत ईजराईल संयुक्त व्यापार और आर्थिक समिति की प्रथम बैठक में भाग लिया।

श्री एन.एस. चौधरी, महानिदेशक, भामा ब्यूरो ने भी ब्रिटिश स्टैंड्डर्स इंस्टीट्यूशन (बीएसआई), यू.के और भामा ब्यूरो के बीच सहयोग के संभावित क्षेत्रों का पता लगाने के लिए 7 से 8 सितंबर 1995 तक वहां का दौरा किया।

INDO-EEC COOPERATION PROGRAMME

Experts from Campden and Chorleywood Food & Research Association (CCFRA), U.K. who are our consultant under the Indo-EEC Cooperation visited Central Laboratory, Sahibabad thrice during the year (May 1995, October/November 1995 and February 1996) and provided necessary guidance in implementation of the quality system in the food laboratory and overall improvement in the analytical techniques as applicable to the food laboratory.

Two experts from CEBEC Registration Laboratory, Belgium and from DEMCO, Denmark visited Central Laboratory, Sahibabad in February 1996 and provided general guidance in improvement of quality system in the Electrical Laboratory and also provided necessary guidance for improving our testing and measurement techniques to bring it at par with IEC Standards.

Mr E. Caparis, Consultant, Indo-EEC Cooperation Programme, visited BIS in September 1995 to hold discussions regarding the extent of completion of the upgradation programme. He visited BIS again in November 1995 to hold discussions on the achievements made in various laboratories for the installation of required apparatus.

BILATERAL COOPERATION

An Indian delegation comprising Shri N.S. Choudhary, Director General, BIS and Dr B.S. Mathur, Deputy Director, National Physical Laboratory (NPL) visited GOSSTANDART, Moscow from 9 to 11 October 1995 to attend the second meeting of the Sub Working Group on Standardization, Metrology and Quality Assurance. Various important decisions were taken in this meeting especially in the field of metrology. The work plan for 11 areas of metrology was finalized in the meeting for the year 1996-97.

A five-member Chinese delegation led by Mr Pan Bi Qing, Director, National Institute of Metrology, China visited BIS on 19 December 1995 to further deliberate upon the MOU signed between BIS and the State Bureau of Technical Supervision (SBTS), China.

Shri N.S. Choudhary, Director General, BIS visited Standards Institute of Israel (SII), Israel during 5-6 June 1995 to hold discussions on the MOU signed between BIS and Standards Institution of Israel (SII). Shri P.S. Das, Additional Director General, BIS, attended the first meeting of India-Israel Joint Trade and Economic Committee held in Jerusalem from 28 to 29 January 1996 to discuss the various issues on MOU signed between BIS and SII.

Shri N.S. Choudhary, Director General, BIS also visited British Standards Institution (BSI), UK to explore any possible area of cooperation between the two organizations from 7 to 8 September 1995.

श्री एम.वाई. अरियोरूक, अध्यक्ष तुर्क मानक संस्थान (टीएसई), तुर्की ने भामा ब्यूरो तथा टीएसई के बीच हुए समझौते के विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श के लिए दिनांक 16 और 23 फरवरी, 1996 को भामा ब्यूरो का दौरा किया।

श्री ए.सी. दोसा, उपनिदेशक और श्री ए सी हरदोयाल, मंडल मानक अधिकारी, मौरिशस मानक ब्यूरो (एमएसबी) ने भामा ब्यूरो, विशेष कर केन्द्रीय प्रयोगशाला की कार्य प्रणाली को देखने के लिए दिनांक 26 से 27 फरवरी 1996 तक द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत भामा ब्यूरो का दौरा किया।

अन्डरराईटर प्रयोगशाला (यूएल), यूएसए और कनाडा मानक एसोसिएशन (सीएसए)

भामा ब्यूरो अन्डरराईटर प्रयोगशाला (यूएल), यूएसए और कनाडा मानक एसोसिएशन (सीएसए) की ओर से भारत में निरीक्षण करने के लिए एक एजेंट के रूप में भी कार्य करता है। वर्तमान में भारत में यूएल की सूची में लगभग 160 और सीएसए की सूची में 50 फैक्टरियों का भामा ब्यूरो निरीक्षण करता है।

Mr M.Y. Ariyoruk, President of Turk Standardlari Enstitusu (TSE), Turkey visited BIS on 16 and 23 February 1996 to deliberate upon the various aspects of MOU signed between BIS and TSE.

Under Bilateral Cooperation Programme, Mr A.C. Dossa, Deputy Director and Mr A.C. Hardoyal, Divisional Standards Officer of Mauritius Standards Bureau (MSB) visited BIS on 26 and 27 February 1996 to see the activities of BIS especially the Central Laboratory.

UNDERWRITERS LABORATORIES (UL), USA AND CANADIAN STANDARDS ASSOCIATION (CSA)

